दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 164
कोटद्वार मंगलवार
10 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## दिल्ली सहित कई राज्यों में डेंगू-चिकनगुनिया के बढ़े केस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली-एनसीआर सहित देश के कई राज्यों में मच्छर जनित रोगों के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। दिल्ली के अस्पतालों में इन दिनों रोगियों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। अस्पतालों के ओपीडी में इन दिनों बुखार की शिकायत के साथ आ रहे ज्यादातर लोगों में डेंगू-चिकनगुनिया के मामलों का निदान किया जा रहा है, हालांकि ज्यादातर रोगी सामान्य उपचार के साथ ठीक होकर घर वापस जा रहे हैं। डॉक्टर कहते हैं, सभी लोगों के लिए जरूरी है कि इन रोगों के लक्षणों पर समय रहते ध्यान दें और उपचार प्राप्त करें।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, डेंगू-मलेरिया दोनों के कई लक्षण एक जैसे हो सकते हैं, ऐसे में इनको लेकर लोगों में कंफ्यूजन देखी जाती रही है। आइए जानते हैं कि देश में इन रोगों के कारण कैसे हालात हैं और इनमें कैसे अंतर किया जा सकता है?

डेंगू और चिकनगुनिया दोनों वायरल बीमारियां हैं जो एडीज मच्छरों के काटने से फैलती हैं। एडीज एजिप्टी से डेंगू का संक्रमण होता है जबकि एडीज एल्बोपिक्टस से चिकनगुनिया होने का जोखिम रहता है। इतना ही नहीं आप एक साथ डेंगू और चिकनगुनिया दोनों से संक्रमित हो सकते हैं।स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, पिछले वर्षों की तुलना में इस साल मच्छर जनित इन बीमारियों का खतरा अधिक देखा जा रहा है, इसका मुख्यकारण इस बार हुई बेमौसम बरसात हो सकती है।

## पांच राज्यों में बजा चुनावी बिगुल, चुनाव आयोग ने किया तारीखों का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए चुनावी तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव आयोग ने सोमवार को मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक पांच राज्यों में 7 नवंबर से वोटिंग शुरू हो जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने चुनावी कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि तेलंगाना, राजस्थान मध्य प्रदेश और मिजोरम में एक ही चरण में चुनाव होंगे।



वहीं, नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। मिजोरम में जहां 7 नवंबर को चुनाव होगा तो वहीं तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होगा। इसके अलावा मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को वोटिंग होगी और राजस्थान में 23 नवंबर को वोटिंग होगी। वहीं छत्तीसगढ़ में वोटिंग 7 और 17 नवंबर को होगी। इन पांचो राज्यों में मतदान तो अलग-अलग तारीखों को होगा, लेकिन चुनाव परिणाम 3 दिसंबर को एक साथ ही आएंगे।

चुनावी तारीखों के ऐलान के साथ ही चुनाव आयोग ने इन चुनावों की तैयारी का विस्तार से ब्यौरा दिया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि पांच राज्यों में 679 निर्वाचन सीटों पर चुनाव होंगे। 16.1 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें 8.2 करोड़ से ज्यादा पुरुष मतदाता होंगे और 7.5 महिला मतदाता हैं। इसके साथ ही यहां इस बार 60 लाख से ज्यादा नए मतदाता वोट करेंगे। पीवीटीजी आदिवासियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

**3 दिसंबर को आएंगे नतीजे**

**किस राज्य में कितनी सीटों पर होंगे चुनाव**

मध्य प्रदेश - 230 सीट
तेलंगाना -119 सीट,
मिजोरम -40 सीट
राजस्थान - 200 सीट
छत्तीसगढ़ -90 सीट

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सुझावों पर तेजी से अमल के लिए सरकार प्रतिबद्धः सीएम

**देहरादून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को अपने उत्तराखंड दौरे के व्यस्ततम कार्यक्रम में जिस तरह से राज्य के विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की और राज्य हित में इस दौरान जो निर्णय लिए उसे लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय गृह मंत्री जी का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से इन बैठकों में जो भी सुझाव दिए हैं राज्य सरकार उनको तेजी से अमल में लाने के लिए जुट गई है। विदित हो कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बीते शनिवार को टिहरी के नरेन्द्रनगर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक एवं 49वीं अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभाग करने का कार्यक्रम तय था। केंद्रीय गृह मंत्री ने इतना व्यस्त कार्यक्रम होने के बावजूद इस दिन शाम को सहकारिता विभाग के अलावा आपदा प्रबंधन विभाग, गृह विभाग, वाइब्रेंट विलेज की समीक्षा बैठक की और इस दौरान न केवल कई महत्वपूर्ण निर्णय राज्य हित में लिए गए अपितु कई अहम सुझाव भी शाह के द्वारा राज्य सरकार को प्रदान किये गए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने व्यस्ततम कार्यक्रमों के बावजूद विभागों की समीक्षा बैठक के लिए अतिरिक्त समय निकालने पर केंद्रीय मंत्री जी का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री जी द्वारा दिये गए महत्वपूर्ण सुझावों पर तेजी से क्रियान्वयन के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

## पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट से झटका

**विजयवाड़ा, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को गहरा झटका देते हुए तीन अलग-अलग मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। दरअसल श्री नायडू ने अमरावती इनर रिंग रोड (आईआरआर) संरेखण, फाइबरनेट घोटाला मामलों और अंगल्लू गांव में हिंसा से संबंधित मामले में न्यायालय से अग्रिम जमानत की मांग की थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने उक्त घोटालों और आपराधिक मामलों में श्री नायडू के खिलाफ मामले दर्ज किये हैं। इसके अलावा पुलिस ने भी पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान चित्तूर जिले के अंगल्लू गांव में हुई हिंसा की घटना पर भी उनके खिलाफ मामला दर्ज किया।



वाईएसआरसीपी विधायक अल्ला रामकृष्ण रेड्डी ने आईआरआर के एलाइनमेंट बदलने में अनियमितता को लेकर एसीबी में शिकायत दर्ज कराई है। एसीबी ने गत नौ मई 2022 को मामला दर्ज किया और नायडू को मामले में आरोपी के रूप में शामिल किया गया। तेदेपा प्रमुख चार अगस्त, 2023 को एक सिंचाई परियोजना के खराब रखरखाव को देखने के लिए चित्तूर जिले में गए थे। उनकी यात्रा के दौरान हिंसा की घटनाएं हुईं और मुदिवेदु पुलिस ने पूर्व सीएम सहित 179 तेदेपा नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए। अग्रिम जमानत पर श्री नायडू की ओर से उच्चतम न्यायालय के वकील सिद्धार्थ लूथरा और एसीबी की ओर से महाधिवक्ता श्रीराम ने कोर्ट में दलीलें पेश कीं।

## उत्तराखण्ड युवा महोत्सव-2023 में मुख्यमंत्री ने किया रोजगार प्रयाग पोर्टल का शुभारंभ

**सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार केन्द्रों का भी मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग द्वारा आई.आई.टी रूड़की, माइक्रोसॉफ्ट के साथ युवाओं को कौशल विकास से जोड़ने के लिए किया गया करार।**

**संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित उत्तराखण्ड युवा महोत्सव-2023 कार्यक्रम में रोजगार प्रयाग पोर्टल का शुभारंभ किया। राज्य में रोजगार के अवसरों को एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा युवाओं के लिए यह पोर्टल विकसित किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'युवा उत्तराखण्ड एप' लाँच किया और सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार केन्द्रों का शुभारंभ भी किया। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं को एक ही जगह उपलब्ध कराये जाने के लिए आईटीडीए द्वारा युवा उत्तराखण्ड एप विकसित किया गया है। डिजिटल जानकारी के साथ ही युवाओं को योजनाओं से संबंधित अधिक जानकारी और आवेदन के लिए सभी जनपदों में सेवायोजन कार्यालयों में रोजगार केन्द्र विकसित करने की मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी। घोषणा के प्रथम चरण में मुख्यमंत्री ने देहरादून एवं उधमसिंहनगर के सेवायोजन कार्यालयों में स्वरोजगार कार्यालयों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रोजगार मेलों के माध्यम से चयनित 17 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये और विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।



उत्तराखण्ड युवा महोत्सव-2023 कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग और आई.आई.टी रूड़की के बीच एम.ओ.यू हस्ताक्षरित किया गया। आईआईटी रूड़की की तकनीकि विशेषता को राज्य की श्रमशक्ति के कौशल क्षमता के विकास के लिए यह एम.ओ.यू. किया गया। पहले चरण में कंस्ट्रक्शन सेक्टर में कार्यरत श्रम शक्ति की उच्च स्तरीय अपस्किलिंग के लिए आईआईटी रूड़की के इंक्यूबेटर सेंटर द्वारा तकनीकि सहयोग दिया जायेगा। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग और माइक्रोसॉफ्ट के बीच भी एम.ओ.यू हस्ताक्षरित किया गया। राज्य के उच्च तकनीकि संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को माइक्रोसॉफ्ट द्वारा डिजिटल स्किल से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा समाज के वंचित समूहों को भी डिजिटल प्रशिक्षण में तकनीकि सहयोग दिया जायेगा। इस अवसर पर एल्डरली केयर गिवर के रूप में जापान में राज्य के युवाओं को जापानी भाषा और रहन-सहन संबंधी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए लर्नेट स्किल प्रा. लि. के साथ एमओयू किया गया। राज्य के नर्सिंग प्रशिक्षितों को इंग्लैंड एवं आयरलैंड में नर्स के रूप में कार्य करने के लिए एन्वेर्टज कंसल्टेंसी और जर्मनी में नर्स के रूप में कार्य करने के लिए जेनराईज ग्लोबल के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड ग्राउण्ड देहरादून में विशाल संख्या में आये युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज युवाओं के लिए जहां रोजगार प्रयाग पोर्टल और युवा उत्तराखण्ड एप लॉन्च किया गया है, वहीं आईआईटी रुड़की एवं माइक्रोसॉफ्ट के तकनीकी सहयोग प्राप्त किये जाने हेतु एमओयू भी किया गया है। रोजगार प्रयाग पोर्टल से जहां विभिन्न सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से भरे जाने वाले पदों की जानकारी एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सरल होगी, वहीं इस पोर्टल से विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के पदों की सूचना भी युवाओं को मिल सकेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि के युवा न केवल प्रतिभा संपन्न एवं सामर्थ्यवान हैं, बल्कि मेहनती भी हैं। अनेक क्षेत्रों में हमारे प्रदेश की प्रतिभाओं ने देश और दुनिया में राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि देश और राज्य का भविष्य युवाओं की शक्ति पर निर्भर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है, जिसकी मजबूत नींव युवा हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में नया भारत अपने युवा साथियों की सहायता और सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है।

राज्य में युवाओं के साथ किसी भी स्तर पर अन्याय नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने नकल विरोधी कानून लागू कर भर्तियों में घोटाले करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य किया है।

## हैदराबाद-दुबई फ्लाइट के अपहरण की धमकी, सीआईएसएफ को आया ईमेल, तीन लोग हिरासत में लिए

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में शमशाबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को रविवार रात एक धमकी भरा ईमेल मिला। जिसमें हैदराबाद-दुबई उड़ान के अपहरण की धमकी दी गई थी। मेल में तिरुपति बाडिनेनी (पासपोर्ट संख्या आर 8124604) के संबंध में विशेष रूप से सावधानी बरतने की आवश्यकता का उल्लेख किया गया है। मेल के अनुसार बाडिनेनी एक आईएसआई मुखबिर है और कथित तौर पर हैदराबाद से दुबई जाने वाली उड़ान डीएक्सबी एआई 951 के अपहरण करने की योजना बना रहा है। इसमें यह भी दावा किया गया कि हैदराबाद हवाई अड्डे पर कई व्यक्ति तिरुपति से जुड़े हुए हैं और अधिकारियों से उन्हें पकड़ने का आग्रह किया गया है।

ईमेल में तेजी से कार्रवाई नहीं करने पर भारत के लिए गंभीर परिणाम भुगतने की भी चेतावनी दी गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि तिरुपति के पास वह मोबाइल के माध्यम से आईएसआई संपर्क हैं। इस धमकी के जवाब में सीआईएसएफ कर्मियों ने तुरंत हैदराबाद से डीएक्सबी एआई 951 की उड़ान को रोक दिया, जो कुछ देर में ही उड़ान भरने वाली थी।

## हमीरपुर को जल्द मिल जाएगा नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस
## 200 करोड़ से किया जाएगा निर्माणः अनुराग

**हमीरपुर, एजेंसी।** केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि हमीरपुर में जल्द ही 200 करोड़ की लागत वाले हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े खेलों के सेंटर नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की आधारशिला हम रखने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि बहुत जल्द ही पूरे देश को 1000 खेलो इंडिया सेंटर भी मिलने जा रहे हैं, जो खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में और उनकी प्रतिभा को निखारने में उनकी मदद करेंगे। एशियन गेम्स में सरानीय प्रदर्शन पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली दफा 107 मेडल हासिल किए हैं। अबकी बार सौ पार का नारा दिया गया था, जोकि हासिल कर लिया गया है।



रविवार को हमीरपुर के एकदिवसीय दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री ने डिग्री कॉलेज अणु के खेल मैदान, गौतम कालेज सहित हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के जंगलरोपा और डूघा खुर्द में युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और स्थानीय निवासियों के साथ रू-ब-रू हुए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष देशराज शर्मा प्रदेश भाजपा के सह मीडिया प्रभारी अंकुश दत्त शर्मा, जिला भाजपा के दोनों महामंत्री राकेश ठाकुर अजय रिंटू, पूर्व एपीएमसी के चेयरमैन अजय शर्मा मंडल, हमीरपुर के अध्यक्ष आदर्श कांत, सोशल मीडिया प्रभारी अभिषेक, जिला भाजपा सचिव विनोद ठाकुर, वीना कपिल, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान, जिला परिषद अध्यक्ष बबली, कपिल शर्मा, तेन सिंह सौरभ शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी ने तंजानिया की राष्ट्रपति के साथ की द्विपक्षीय वार्ता, आपसी हित पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली , एजेंसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

दोनों नेताओं ने भारत-तंजानिया संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की और दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करने के तरीकों पर भी चर्चा की।द्विपक्षीय वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की जिसमें व्यापक क्षेत्रों पर बातचीत हुई।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 10 लोगों की मौत, 14 घायल

**अरियालुर, एजेंसी।** तमिलनाडु के अरियालुर जिले के वेत्रियूर गांव में सोमवार को दुखद घटना में एक देशी पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हुए विस्फोट में तीन महिलाओं सहित 10 श्रमिकों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि आज सुबह आग लगने से सिलसिलेवार विस्फोट हुए, जिससे कई गोदाम और शेड नष्ट हो गए। वहां देशी पटाखों और अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों का भारी भंडार जमा था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि रसायनों को संभालने के दौरान घर्षण के कारण विस्फोट हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भीषण आग लग गई। आग में जलने के कारण शव इतने क्षत-विक्षत हो चुके थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा था।



दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को अरियालुर और तंजावुर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आग में एक टेम्पो ट्रैवलर और दोपहिया वाहनों सहित कई वाहन नष्ट हो गए। अरियालुर जिला कलेक्टर जे.ऐनी मैरी स्वर्णा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और लोगों से पूछताछ की।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फैक्ट्री के मालिक राजेंद्रन की तलाश कर रही है, जो फरार है। पुलिस यह पता लगाने के लिए भी जांच कर रही है कि क्या सुरक्षा नियमों का कोई उल्लंघन हुआ था।

## आचार संहिता लगते ही गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा को फिर नोटिस

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा को फोन टैपिंग मामले में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा से फिर नोटिस मिला है।

विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही श्री शर्मा को यह नोटिस मिला है और उन्हें इस मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे नई दिल्ली के रोहिणी स्थित दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के दफ्तर बुलाया गया है। श्री शर्मा से मामले में दिल्ली पुलिस (अपराध) अब तक चार बार पूछताछ कर चुकी है। उनसे इससे पहले गत 20 मार्च को लगभग नौ घंटे पूछताछ हुई थी।

उल्लेखनीय है कि 11 अक्टूबर को दिल्ली उच्च न्यायालय में इस मामले की सुनवाई होनी है। मार्च 2021 में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने फोन टैपिंग का आरोप लगाते हुए श्री शर्मा के खिलाफ दिल्ली में मामला दर्ज कराया था।

## अयोध्या राम मंदिरः 8.5 फीट ऊंची होगी रामलला की अचल मूर्ति
### अलग से बनेगा रामलला का धनुष, तीर और मुकुट

**अयोध्या, एजेंसी।** राममंदिर निर्माण के साथ रामलला की मूर्ति निर्माण का कार्य भी तेज कर दिया है। राममंदिर में रामलला के दो विग्रह स्थापित किए जाएंगे। एक विग्रह की स्थापना चल मूर्ति के रूप में तो दूसरे विग्रह की स्थापना अचल मूर्ति के रूप में होगी। विराजमान रामलला चल मूर्ति के रूप में पूजित-प्रतिष्ठित होंगे जबकि अचल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। अचल मूर्ति की कुल ऊंचाई 8.5 फीट होगी। इसका निर्माण कार्य चल रहा है, जो इसी माह पूरा हो जाएगा।



रामलला की अचल मूर्ति रामसेवकपुरम में तैयार हो रही है। कर्नाटक व राजस्थान के तीन मूर्तिकार तीन मूर्तियां बना रहे हैं। इनमें से सर्वोत्तम को भूतल यानि गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठित किया जाएगा। शेष दोनों मूर्तियां प्रथम तल व द्वितीय तल में स्थापित किए जाने की योजना है। अचल मूर्ति की ऊंचाई 52 इंच होगी। फाउंडेशन समेत मूर्ति की कुल ऊंचाई 8.5 फीट हो जाएगी। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि बालक होने के बाद भी धनुष रामलला की पहचान है। मूर्ति में रामलला का धनुष, तीर व मुकुट अलग से बनाकर लगाया जाएगा। बताया कि ऊंचाई वैज्ञानिक के मत के आधार पर तय की गई है। हर रामनवमी पर रामलला के मुख पर सूर्य की किरणें पड़ सकें, इसे लेकर वैज्ञानिकों के सुझाव पर ही मूर्ति की कुल ऊंचाई 8.5 फीट रहेगी ताकि तकनीकी रूप से रामलला का सूर्य रश्मियों से अभिषेक हो सके।

राममंदिर निर्माण की गति भी बढ़ा दी गई है। 3500 मजदूर तीन शिफ्टों में राममंदिर को आकार देने में जुटे हैं। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि स्ट्रक्चर की दृष्टि से भूतल का कार्य लगभग पूरा हो गया है और प्रथम तल का निर्माण भी 70 फीसदी हो चुका है।

15 नवंबर तक प्रथम तल भी पूर्ण कर द्वितीय तल का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। बताया कि भूतल के स्तंभों में मूर्तियों को उकेरने का काम चल रहा है। रंगमंडप, नृत्य मंडप व गूढ़ मंडप आकार ले चुका है। मंदिर में पांच मंडप बनाए जाने हैं।

# राज्यपाल ने किया टिहरी गढ़वाल में आयोजित राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला–2023 में प्रतिभाग

देहरादून, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) द्वारा सोमवार को पूर्णानन्द खेल मैदान मुनीकीरेती, टिहरी गढ़वाल में आयोजित राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला–2023 में प्रतिभाग किया गया। राज्यपाल द्वारा सरस मेले में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान राज्यपाल ने प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों के स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और महिलाओं से वार्ता कर उनके उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के मेले समाज और राष्ट्र को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इस सरस आजीविका मेले में महिलाओं, युवाओं, कारीगरों का उत्साहवर्धन होगा साथ ही महिलाओं को अपनी कला, संस्कृति को उजागर करने का मौका





भी मिलेगा, उनकी आर्थिकी में इजाफा होगा और वे अधिक सशक्त होंगी। राज्यपाल ने विभिन्न जनपद भ्रमण के दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से मिलकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की महिलाएं हमारे परिवार की सबसे मजूबत सदस्य हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने तथा डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने की बात कही, ताकि उनके उत्पादों को मार्केटिंग मिले और उनकी आय में अधिक से अधिक इजाफा हो सके और दुनिया में नई पहचान मिल सके। उन्होंने उत्पादों में वैल्यू एडिशन की भी जरूरत है बताई। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि सरस मेले में ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को जोड़कर उनके कौशल और ग्रामीणों के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी मातृशक्ति अपनी आजीविका को बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सहयोग दे रही हैं। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति के प्रयासों से ही आर्थिक क्रांति संभव है। राज्यपाल ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी ने बाबा केदारनाथ धाम से कहा कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। उन्होंने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा यात्रा के दौरान खर्च की जाने वाली धनराशि में से 05 प्रतिशत की धनराशि स्थानीय उत्पाद खरीदने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सभी मेले का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करें और मेले में एक दूसरे से मिलकर पहचान बढ़ायें और जानकारी लेने के साथ ही लोकल उत्पादों की खरीदारी करें।जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा राज्यपाल सहित सभी आगंतुकों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मा. राज्यपाल महोदय द्वारा स्वयं सहायता समूहों की बिक्री बढ़ाने हेतु जो टिप्स दिये गये हैं, उनका अनुसरण कर वोकल फॉर लोकल को धरातल पर उतारने का कार्य किया जायेगा।

इस मौके पर अपर सचिव ग्राम्य विकास विभाग आनन्द स्वरूप डीएम मयूर दीक्षित, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, अध्यक्ष नगरपालिका मुनीकीरेती रोशन रतूड़ी, ब्लॉक प्रमुख जाखणीधार सुनीता देवी, नरेन्द्रनगर राजेन्द्र भण्डारी, सीडीओ मनीष कुमार, संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी, स्कूली छात्र–छात्राएं, सांस्कृतिक दल कलाकार एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

# डीएम ने ली आयुष्मान भवः योजना के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक

देहरादून,जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में आयुष्मान भवः योजना के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कर आयुष्मान राजस्व ग्राम बनाए जाने के सम्बन्ध कार्ययोजना की जानकारी लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में आयुष्मान भवः योजना के अन्तर्गत 68 प्रतिशत् लोगों के आभा आईडी बनाए जा चुके तथा इस कार्य की अवधि दिसम्बर माह तक बढा दी गई है।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विकासखण्डवार योजना बनाते हुए ग्रामसभावार शिविर का आयोजन करते हुए योजना से लाभार्थियों को आच्छादित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लोगों को आभा आईडी आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही अंगदान करने हेतु जागरूक करें।

## ग्रामीण से मारपीट में पति–पत्नी समेत पांच पर मुकदमा

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर हकूमतपुर गांव में पति–पत्नी सहित पांच लोगों ने बाइक सवार एक ग्रामीण को रोककर उसकी बंद कमरे में लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। आरोपियों ने बुरी तरह पिटाई करने के बाद ग्रामीण को जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति–पत्नी सहित पांच आरोपियों के खिलाफ रास्ता रोककर बंद कमरे में लाठी डंडों से पिटाई करने, गाली–गलौज, बलवा और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर दिया है। गुरफान पुत्र बरकत अली, निवासी शंकरपुर हकूमतपुर गुर्जर बस्ती ने सहसपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार सुबह वह करीब साढ़े नौ बजे बाजार से अपनी बाइक पर सवार होकर घर की ओर जा रहा था। तभी रास्ते में राशिद पुत्र मंजूर, फैमूदा पत्नी राशिद, बिलाल पुत्र राशिद, मीर हसन पुत्र नेक मुहम्मद, आरिफ पुत्र मीर हसन सभी निवासी शंकरपुर हकूमतपुर ने उसकी बाइक को रोक दिया।

# प्रदेश में शुरू होगी गरीब कैदियों को सहायता योजना

देहरादून, भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा कैदियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए शुरू की गई ह्वगरीब कैदियों को सहायता योजनाह्ल के राज्य में क्रियान्वयन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

इसे लेकर अपर मुख्य सचिव ने भारत सरकार के दिशा–निर्देशों और मानक संचालन प्रक्रिया के तहत जनपदों में जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में सशक्त समिति का गठन करने के आदेश जारी किए हैं। यह समिति प्रत्येक प्रकरण में जमानत/जुर्माना राशि को लेकर निर्णय करेगी। गृह सचिव, भारत सरकार के पत्र 19 जून, 2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 के केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री भारत सरकार के वक्तव्य / घोषणा ह्वसमाज के अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति को लाभ पहुंचानाह्ल के क्रम में ऐसे गरीब कैदियों, जो आर्थिक तंगी के कारण उन पर लगाए गए जुर्माने को अदा न कर पाने अथवा जमानत राशि वहन न कर पाने के कारण जेल से रिहा नहीं हो पा रहे हैं, को वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने हेतु गृह मंत्रालय, भारत सरकार ह्वगरीब कैदियों को सहायता योजनाह्ल प्रारंभ की गई है। इसी क्रम में बीते शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा की गई समीक्षा बैठक में उक्त बिंदु प्रकाश में आया था। जिस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के अधिकारियों को इसके तत्काल अनुपालन के निर्देश जारी किए थे, जिसके क्रम में आज अपर मुख्य सचिव ने इसे लेकर आदेश जारी कर दिए हैं।

प्रदेश की अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देश एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार राज्य में इस योजना के क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तर पर सशक्त समिति का गठन किया है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट अध्यक्ष जबकि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, वरिष्ठ कारागार अधीक्षक/कारागार अधीक्षक, जनपद न्यायाधीश द्वारा संबंधित कारागार क्षेत्र के नामित न्यायाधीश सदस्य होंगे।

## एक नजर

### जिला स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता

देहरादून,जिला स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता की अंडर–14 बालिका चक्का फेंक स्पर्धा में चकराता की अंशिका ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में मसूरी के आदित्य विजेता रहे। गुरुराम राय इंटर कॉलेज नेहरूग्राम में सोमवार को विभिन्न स्पर्धाओं के फाइनल मुकाबले खेले गए। अंडर–14 बालक वर्ग की 600 मीटर दौड़ में देहरादून के चंदन, बालिका वर्ग में विकासनगर की सांवरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर–17 बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रायपुर के आहिल अली, बालिका वर्ग में ऋषिकेश की स्नेहा प्रथम रही। अंडर–17 बालक वर्ग की 1500 मीटर दौड़ में देहरादून के अमन खान और बालिका वर्ग में रानिका अव्वल रही। अंडर–19 बालक वर्ग की लंबी कूद में विकासनगर के शुभम, बालिका वर्ग में विकासनगर की ही दीपिका ने बाजी मारी। अंडर–17 बालक वर्ग की लंबी कूद में रायपुर के प्रियांशु और बालिका वर्ग की तीन किमी वॉक में डोईवाला की कशिश विजेता चुनी गई। अंडर–17 बालक वर्ग की तीन हजार मीटर दौड़ में देहरादून के अमन खान और तीन हजार मीटर वॉक रेस में रायपुर के समीर प्रथम रहे। अंडर–19 बालक की पांच किमी वॉक रेस में डोईवाला के अभिषेक नेगी, तीन हजार मीटर दौड़ में रायपुर के हिमांशु मनवाल प्रथम स्थान पर रहे। मौके पर मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून प्रदीप कुमार रावत, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बंजारावाला गोविंद सिंह राणा, प्रतिभा पाठक, जयपाल नकोटी, नागेंद्र कुमार, अमित कुमार, उर्मिला राणा, सुनीता रावत आदि मौजूद थे।

### ग्राफिक एरा में एफडीपी शुरू

देहरादून, ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में पांच दिन की अटल एफडीपी शुरू हो गई। यह आयोजन प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत किया गया है। एफडीपी के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि हीरो मोटोकॉर्प के प्लांट हेड यशपाल सरदाना ने सप्लाई चेन रेजीलियेंस के बारे में कहा कि सप्लाई चेन प्रबंधन व्यवसाय से संबंधित नेटवर्क की प्रक्रिया है। यह उत्पादों के बेहतर पैकेजिंग, गुणवत्ता तथा उपभोक्ता की आवश्यकताओं को समझकर इन्हें उत्पादों से जोड़ता है। उन्होंने सप्लाई चेन के लाभों की भी जानकारी दी। यह कार्यक्रम ग्राफिक एरा के मैनेजमेंट विभाग ने किया। कार्यक्रम ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी के सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कुलपति डॉ नरपिंदर सिंह, एचओडी मैनेजमेंट विभाग दून यूनिवर्सिटीप्रो. गजेन्द्र सिंह और एचओडी मैनेजमेंट विभाग ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी प्रो. सचिन घई भी मौजूद रहे।

# अंजना पंवार ने की संबंधित विभागों के अधिकारियों संग बैठक

देहरादून,माननीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई आयोग अंजना पंवार ने मंथन सभागार में सफाई कर्मचारियों की समस्या को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंने नगर निगम, नगर निकाय सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

माननीय उपाध्यक्ष ने कर्मचारियों के लिए प्रत्येक वार्ड में महिलाओं एवं पुरुष के लिए अलग से चेंजिंग रूम सहित 2 रूम बनाने के निर्देश दिए। संविदा आउटसोर्स कर्मचारियों को कम परिश्रम दिए जाने की शिकायत पर उन्होंने समान कार्य के लिए समान वेतन देने की कार्य योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों के आईडी कार्ड बनाएं जिसमे कर्मचारी कोड, ईएसई, पीएफआई संख्या, ब्लड ग्रुप का विवरण हो ताकि कोई दुर्घटना होने पर फर्स्ट एड मिल सके। उन्होंने सफाई कर्मचारियों का नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के निर्देश दिए। नियमित सफाई कर्मचारियों की डीपीसी कराने के निर्देश दिए। जो सफाई कर्मचारी लंबे समय से संविदा पर कार्य कर रहे हैं के वन टाइम स्टेलमेंट की मांग पर व्यवस्था बनाने, तथा प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को प्रत्येक माह का वेतन/पारिश्रमिक 01 से 07 तक दे दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आउटसोर्स संविदा




कार्मिकों का वेतन सीधे बैंक खाते में ही दिया जाए। सफाई कर्मचारियों को प्रशिक्षण दें तथा छोटे छोटे कार्य टेंडर समूहों को दिया जाय। एनकेएफडीसी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस्तियों में कैंप के माध्यम से सफाई कर्मचारियों के लिए बनाई गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें उनका प्रचार प्रसार करें तथा पात्रों को योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के प्रशिक्षण एवं पुनर्वास हेतु बनाई गई योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कर्मचारियों हेतु वाहन, शिक्षा ऋण, आदि के लिए 1 लाख से 50 लाख तक ऋण देने का प्रावधान है साथ ही सफाई कर्मचारियों के बच्चों को देश में पढ़ाई के लिए 10 लाख तथा विदेश में पढ़ाई के लिए 20 लाख तक के ऋण का प्राविधान है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों हेतु बनाई गई योजनाओं का प्रचार प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम एवं कार्यदायी संस्थाओं सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों एमएस एक्ट का परिपालन कराने के निर्देश दिए। सीवर सफाई कार्य मशीनों से कराया जाए। बिना संसाधन कर्मचारियों फिल्ड में न भेजें। एमएस एक्ट की प्रत्येक नागरिक को जागरूक करें। सीवर सफाई कार्यों को मशीनों रोबोटिक तरीके से किया जाए। सभी कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाए। आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग में कर्मचारियों से अभद्रता की शिकायत तथा देयकों का भुगतान न होने पर एक माह के भीतर समस्या निस्तारण करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों के ई श्रम कार्ड बनाने के निर्देश श्रम विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने नगर निगम, नगर निकाय सहित समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया महीनें एक बार अपने विभाग में कार्यरत सफाई कर्मियों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याएं सुने, जिससे सफाई कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत होते हुए उनका निस्तारण करने में सहुलियत रहेगी।

# गैरसैंण में युवा कांग्रेस ने निकाली तिरंगा यात्रा

## पांच सौ मीटर दौड़ में मोनिका, गौरव ने मारी बाजी

चमोली : गैरसैंण नगर में युवा कांग्रेस ने सोमवार को तिरंगा यात्रा निकाली और दौड़ का आयोजन किया। मुख्य चौराहे से सलियाणां व वापस उसी स्थान पर पहुंची पांच सौ मीटर दौड़ में क्षेत्र के दर्जनों युवक एवं युवतियों ने भाग लिया। बालिकाओं में मोनिका, मेघा व निकिता तथा बालकों में गौरव, रोहित व दिव्यांशु ने क्रमशः पहला दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिन्हें नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किये गये। तत्पश्चात युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली जो गैरसैंण मुख्य चौराहे से डाक बंगला रोड़ होते हुये पुनः चौराहे पर पहुंचें इसमें बड़ी संख्या में युवाओं महिलाओं ने भाग लिया। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के इस प्रकार के कार्यक्रम गांव-गांव में आयोजित कर राज्य व केंद्र सरकार की विफलताओं की जानकारी जनता को मुहैया करेगी। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर ने कहा कि युवा कांग्रेस इन प्रकार के कार्यक्रम पूरे प्रदेश में करने जा रही है। कहा कि कांग्रेस देश को दिशा देने 2024 में केंद्र में भी आ रही है। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान ने कहा कि बीजेपी देश को धर्म एवं जाति के नाम पर बांटने का कार्य कर रही है, वही उनके नेता राहुल गांधी देश में भारत जोड़ो यात्रा के तहद घूम घूम कर बीजेपी के नफरत की राजनीति के खिलाफ मुहब्बत का संदेश रहे हैं। जिसका देश की जनता दिल से स्वागत कर रही है। इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश नेगी, नपंअ पुष्कर रावत, ग्रामीण अध्यक्ष दान सिंह नेगी, नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र बिष्ट, पूर्व दर्जाधारी सुरेन्द्र बिष्ट, प्रदेश महामंत्री हरीकृष्ण भट्ट, राकेश नेगी, हरेन्द्र कंडारी, बिरेन्द्र आर्य, पूरन नेगी, मोहन टम्टा, पंकज रावत, रमेश गौड़, मोनू, संजय, सुरेन्द्र, दिवान राम, रमेश गौड़, महावीर कंडारी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिनिर्वाण दिवस पर कांशीराम को किया याद

नई टिहरी : कांशीराम के 17वें परिनिर्वाण दिवस पर बसपाइयों व बामसेफ ने उन्हें याद कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आंबेडकर पार्क में एकत्र होकर बसपा और बामसेफ के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने बसपा के जन्मदाता व संस्थापक कांशीराम को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस मौक पर बसपा के प्रदेश सचिव सुशील पांडे ने कहा कि कांशीराम सामाजिक परिवर्तन लाने वाले महानायक थे। उन्होंने दलितों व पिछड़ों को उनका हक दिलाने के लिए काम किया और जीवन में समाज सुधार के लिए लड़ते रहे।

# डीएम ने बजट खर्च न करने पर अफसरों को लगाई फटकार

रुद्रप्रयाग : जिला योजना की बैठक के दौरान जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार ने समय पर धनराशि खर्च न करने वाले विभागीय अफसरों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जिला योजना में मिले धन को समय पर खर्च किया जाए। 31 दिसम्बर तक विभागों द्वारा धनराशि व्यय न की गई तो यह धनराशि वापस ली जाएगी।कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय सत्र आधा बीत जाने के बाद भी कई विभागीय अधिकारियों द्वारा जिला योजना से आवंटित धनराशि खर्च न करने पर नाराजगी जताई गई। विभागवार समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने ऐसे अफसरों को फटकार लगाते हुए कहा कि आवंटित धनराशि विभागों द्वारा तय लक्ष्यों के सापेक्ष खर्च की जाए। जबकि कार्य पूर्ण होने पर उपयोगिता प्रमाणपत्र भी अनिवार्य रूप से अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। कहा कि बजट खर्च न करने वाले संबंधित विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों के लिए जो भी धनराशि आवंटित है उसका लाभ आम जनमानस को पहुंचाने के लिए समय पर बजट खर्च करें। ऐसे विभाग जिनका बजट अभी पूर्ण खर्च नहीं हुआ एवं वह नए बजट की मांग कर रहे हैं, उन्हें पहले पूर्व में जारी बजट को खर्च करना होगा। कहा कि जिन विभागों ने निर्गत धनराशि व्यय कर ली है उनका उपयोगिता प्रमाणपत्र जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध करवाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, परियोजना अधिकारी विमल कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विमल सिंह गुंसाई, जिला सहायक निबंधक रणजीत सिंह राणा, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र महेश प्रकाश आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# छात्रों ने किसानों से खेती संबंधित जानकारियां ली

ऋषिकेश। श्री गुरुराम राय विश्वविद्यालय के बीएससी के 67 छात्र–छात्राओं ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत बुल्लावाला में शैक्षिक भ्रमण किया। छात्र–छात्राओं ने किसानों से खेती संबंधित विभिन्न जानकारियां लीं। सोमवार को श्री गुरुराम राय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंस बीएससी के 67 छात्र–छात्राएं बुल्लावाला पहुंचे। वहां उन्होंने किसानों के घर पहुंच कर सोशल इकोनॉमिक कंडीशन और पॉलीटिकल एग्रीकल्चर कंडीशन के तहत कृषि में आने वाले



संसाधनों के बारे में जानकारी एकत्रित की। छात्र उन्नतशील किसान ओमप्रकाश कंबोज के आवास पर पहुंचे। उन्होंने कृषि में प्रयोग होने वाले विभिन्न यंत्रों के बारे में जानकारी ली। कंबोज ने खेती में आने वाली विभिन्न समस्याओं के बारे में बताया।

## खंड स्तरीय विज्ञान महोत्सव शुरू

देहरादून, सरकारी स्कूल के बच्चों की विज्ञान में रुचि जगाने व उनमें वैज्ञानिक सोच विकसित करने के मकसद से रायपुर खंड स्तरीय विज्ञान महोत्सव सोमवार से राइंका डोभालवाला में शुरू हुआ। इसका उद्घाटन सीआईएमएस के निदेशक एडवोकेट ललित जोशी ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं में वैज्ञानिक चेतना विकसित करने में इस प्रकार के कार्यक्रम बड़े कारगर सिद्ध होते हैं। आज विज्ञान महोत्सव में प्रतिभा करने वाले विद्यार्थी ही कल के वैज्ञानिक बनेंगे, वह राष्ट्र को मजबूती देंगे। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत ने कहा कि आने वाला जमाना विज्ञान का है। ऐसे में हमारे बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित होना बेहद जरूरी है।

# स्वास्थ्य शिविर में 220 लोगों का परीक्षण कर दवा बांटी

विकासनगर। छावनी परिषद चकराता के सौजन्य और किमहॉन्स फाउंडेशन दिल्ली के तत्वावधान में छावनी बाजार स्थित चिल्ड्रन पार्क में एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें दो सौ बीस मरीजों का उपचार कर उन्हें दवा वितरित की गई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अधिशासी अधिकारी कैंट बोर्ड आरएन मंडल ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से क्षेत्र की जनता को बहुत लाभ मिलता है। उन्होंने फाउंडेशन के माध्यम से छावनी में एक एमआई रूम स्थापित करने की बात भी कही। इस मौके पर अपोलो अस्पताल दिल्ली के शुगर, बीपी, ह्रदय रोग, हड्डी रोग, मनोरोग, नशामुक्ति, ईएनटी आदि विशेषज्ञों ने मरीजों का उपचार कर उन्हें मुफ्त दवा वितरित की। शिविर में डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ.नृपेंन्द्र कुमार, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. नफीसा प्रवीन, नेहा गुप्ता, गीतिका, विकास, नादिरा, तीर्थ कुकरेजा, सुनील राणा, तरुण आदि शामिल रहे।

# अल्मोड़ा जिला अस्पताल में मरीजों को लिखी जा रही बाहर की दवाईयाँ



अल्मोड़ा। सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं के सरकार कितने ही दावे कर ले लेकिन जमीनी स्तर पर वे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। पिछले हफ्ते जिला मुख्यालय के समीप दुर्घटनाग्रस्त कार के घायलों को हायर सेंटर ले जाने को पहले एम्बुलेंस नहीं मिल पाई और और जब घंटों बाद पहुंची भी तो उसको चालू करने के लिए धक्का लगाना पड़ा। ताज़ा मामला जिला अस्पताल का है जहाँ बाहर की दवाइयों का गोरखधंधा चल रहा है। शासन के सख्त निर्देश के बावजूद भी जिला अस्पताल के कुछ डॉक्टर मरीजों को अस्पताल की पर्ची के साथ छोटी पर्ची में बाहर के मेडिकल स्टोर की दवाईयां लिख रहे हैं। पहले बाहर की दवाईयां अस्पताल की पर्ची में लिखी जाती थी लेकिन मीडिया में खबरें आने के बाद जिला अस्पताल की पर्ची पर मुहर लग रही है 'सरकारी पर्चे पर बाहर की दवाइयां लिखना और खरीदना प्रतिबंधित है' अब डॉक्टरों ने इसका तोड़ निकाला है कि वह छोटी पर्ची पर बाहर की दवाई लिख रहे हैं। और तो डॉक्टर कोड में दवाएं लिख रहे हैं जो जिला अस्पताल के दवा काउंटर वालों को भी समझ नहीं आ रही है, और तो और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को भी समझ नहीं आ रही हैं।

## वनभूलपुरा बवालः आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी पुलिस

हल्द्वानी,पुलिस ने वनभूलपुरा लाइन नम्बर–8 में बवाल करने वाले करीब 12 संदिग्धों को चिह्नित कर लिया है। बीते रविवार रात पुलिस ने कई आरोपियों के घरों में दबिश भी दी। हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस ने परिजनों को चेतावनी दी है कि आरोपियों के आते ही उन्हें थाने लेकर आएं।

इस मामले में अभी तक सिर्फ एक युवक की गिरफ्तारी हो सकी है। जबकि तीन नामजद अब तक फरार चल रहे हैं। बीते शुक्रवार को वनभूलपुरा लाइन नम्बर आठ में केक लेने को लेकर दो पक्षों में मारपीट के बाद बवाल हो गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में 10 बजे बाद दुकानें बंद रखने का फरमान भी जारी किया गया था।

# पैतृक संपत्ति के कब्जे को लेकर पहुंचे सैनिक



बागेश्वर। सेवारत एवं पूर्व सैनिको की प्राप्त शिकायतों, समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण होगा। सभी अधिकारी गंभीरता से समाधान करेंगे। किसी प्रकार की कोई भी लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

सैनिक विपरित परिस्थितियों में देश की सुरक्षा के लिए अपना पूर्ण योगदान देते हैं। कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में सैनिक पैतृक संपत्ति पर कब्जा समेत विभिन्न शिकायत लेकर पहुंचे।

इन समस्यओं को लेकर जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों से संबंधित प्राप्त विभिन्न शिकायतों, समस्याओं को लेकर विभागों से जानकारी प्राप्त की। मोटर मार्ग, पैतृक संपत्ति व कब्जे विवाद, मानचित्र स्वीकृति एवं बाढ सुरक्षा दीवार आदि से संबंधित 15 प्रकरण प्रस्तुत किए गए। जिलाधिकारी ने कहा सेवारत व भूतपूर्व सैनिकों से संबंधित विभिन्न मामलों के निराकरण की दिशा में प्राथमिकता तय करते हुए कार्य करें। इसमें किसी भी तरह की कोताही एवं लापरवाही पर संबंधित विभाग व अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

# पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी, मुखानी थाना क्षेत्र में चोरी करने के बाद बिना किसी को दिखे लापता हो जाने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी पहचान छिपाने के लिए कभी अंडर गारमेंट तो कभी महिलाओं के कपड़े पहनकर चोरी करता था। आवाजाही के लिए सड़कों की बजाय नहर और नालों का इस्तेमाल करता था। पुलिस ने आरोपी से 4.50 लाख रुपये के जेवरात बरामद किए हैं।

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में प्रेसवार्ता के दौरान एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मुखानी थाना क्षेत्र की नूतन कॉलोनी हिम्मतपुर तल्ला निवासी कुंवर सिंह चौहान के घर बीती 28 जून और भगवानपुर रोड लोहरियासाल तल्ला निवासी सुरेंद्र सिंह बिष्ट के घर 16 सितंबर को चोरी हुई थी। इन मामलों की जांच में पुलिस ने 150 से अधिक सीसीटीवी खंगाले, मुखबिर लगाए, लेकिन आरोपियों की पहचान नहीं हो सकी। सीसीटीवी में पुलिस को कभी हाथ नजर आया तो कभी पैर में पहना जूता। जिसके बाद पुलिस ने संदिग्धों को उठाकर पूछताछ शुरू की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस आरोपी राजविहार कॉलोनी फेज–2 मुखानी निवासी राज कुमार राठौर (23) तक पहुंची। बीते शनिवार को पुलिस ने आरोपी को रौले की पुलिया आरके टेंट रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास करीब 4.50 लाख रुपये के जेवर बरामद किए हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी करीब डेढ़ साल से अकेले चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। वह इतना शातिर है कि हर बार पुलिस की नजरों से बच जाता था।

पुलिस के अनुसार आरोपी पहचान छिपाने के लिए मुंह पर मास्क लगाकर, कभी केवल अंडर गारमेंट में तो कभी सलवार सूट पहन कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। आरोपी घटना स्थल तक आने–जाने के लिए सड़क की बजाय नहर, नालों और खेतों का इस्तेमाल करता था, ताकि सीसीटीवी की नजर में न आए। शातिर अकेले ही रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम देता था।

## गुरुद्वारे से चोरी मामले का पुलिस ने किया खुलासा

रुद्रपुर। थाना क्षेत्र में हुए तीन गुरुद्वारों के दान पात्र चोरी के मामले में सीओ बाजपुर भूपेंद्र सिंह भंडारी ने सोमवार को खुलासा किया है। सीओं ने बताया कि थाना गदरपुर क्षेत्र में कई गुरुद्वारों के दान पात्र चोरी होने की घटनाएं घटित हुई है। बताया कि अज्ञात चोरों द्वारा मरदान,अब्दुल्ला नगर तथा बरेली नगर नंबर 2 गांव के गुरुद्वारा के अंदर दानपात्र में रखे नगदी चोरी कर ले गए थे। जिस मामले में थाना गदरपुर में अभियोग भी पंजीकृत कर लिया गया था। चोरी की खुलासा के लिए पुलिस टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद देखा कि उसमें से संदिग्ध एक युवक की घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया ।

# सड़क से उतरी बस, बड़ा हादसा टला



अल्मोड़ा। दिल्ली से गंगोलीहाट जा रही बस कालीधार मोड़ के पास एकाएक अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई। जिससे यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। गनीमत रही कि बस पेड़ से टकरा कर रूक गई।

इससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 06 बजे दिल्ली से गंगोलीहाट जा रही रोडवेज की बस संख्या यूके07पीए–3226 अल्मोड़ा से आगे चितई कालीधार मोड़ के पास अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे उतर गई।

यह देख यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। इस बीच बस एकाएक पेड़ से टकरा कर रूक गई। जिससे यात्रियों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि बस में 20 यात्री सवार थे। हादसे का कारण बस के ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। इस हादसे के बाद सभी यात्रियों को दूसरी बस से आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। कुल मिलाकर चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से टल गया। बाद में बस को निकालने के लिए क्रेन बुला ली गई थी।

# संविदा बोर्ड का अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अल्मोड़ा पहुंचे कैलाश पंत का भव्य स्वागत



अल्मोड़ा। भाजपा के पूर्व संगठन मंत्री कैलाश पंत श्रम संविदा बोर्ड का अध्यक्ष बनने के बाद आज पहली बार अल्मोड़ा पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया और फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया। इस मौके पर राज्य मंत्री कैलाश पंत ने कहा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन उसके कार्यकर्ताओं की निष्ठा व लगन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता को जो भी दायित्व मिला हो वह ईमानदारी से निभाए और ईमानदारी से काम करने वाले कार्यकर्ताओं पर संगठन की पैनी नजर रहती है। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, डीसीबी अध्यक्ष ललित लटवाल, जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, प्रकाश भट्ट, बीना नयाल, अरविन्द बिष्ट, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र बिष्ट, सह प्रभारी जगत तिवारी, मुकेश गुरुरानी, अजय वर्मा, निखिल टम्टा, हितेश नेगी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गडरिया बाग में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

रुद्रपुर। गडरिया बाग में प्रशासन की टीम ने अभियान चलाते हुए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। एसडीएम ने कहा कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्राम गडरिया बाग में रेलवे लाइन पार लोगों ने कच्चे–पक्के घर बना सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर रखा था। सोमवार को एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान प्रशासन की टीम ने जेसीबी की मदद से लगभग एक दर्जन कच्चे–पक्के निर्माण ध्वस्त किए। इससे वहां हड़कंप मच गया। लेकिन प्रशासन की सख्ती के चलते मौके पर शांति व्यवस्था बनी रही।

# पूर्व में बनी पार्किंग को मिलाकर बनाएं वृहद पार्किंग योजना



बागेश्वर। जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने गरुड़ क्षेत्र में सीएम घोषणा के तहत प्रस्तावित वाहन पार्किंग क्षेत्र का निरीक्षण किया। कहा कि जिस क्षेत्र में ब्रिडकुल ने पार्किंग प्रस्तावित की है, उससे लगी भूमि पर पूर्व से लोनिवि का पार्किंग स्थल है। कार्यदायी संस्थाएं आपसी समन्वय से कार्य करें।

पूर्व से बनी पार्किंग को मिलाकर वृहद पार्किंग योजना बनाएं। जिलाधिकारी ने गरुड़ के पाये में मुख्यमंत्री घोषणा के अनुरूप 396.58 लाख रुपये से प्रस्तावित पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को मिलकर डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि एक साथ ही बढ़ी पार्किंग बनाई जाए तो इसका लाभ जनता को होगा। साथ ही जाम की समस्या से निजात मिलेगी। ब्रिडकुल व लोनिवि के अधिकारी मिलकर एक वृहद पार्किंग योजना बनाएं और उस पर कार्य करें, ताकि एक साथ दर्जनों वाहनों की पार्किंग हो सके। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मोनिका, तहसीलदार तितिक्षा जोशी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश खेतवाल आदि उपस्थित थे।

# एनएसयूआई ने जताई परीक्षाफलों में हो रही गड़बड़ी पर नाराजगी



बागेश्वर। सोबन सिंह जीना विश्विद्यालय द्वारा लगातार परीक्षाफलो में हो रही गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने कड़ी आपत्ति जताई है।अंकतालिका में समस्याओं के निराकरण हेतु प्रभारी निदेशक डॉ. जीवन गड़िया को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में छात्रों का कहना है कि जब से विश्विद्यालय बना है, तबसे जितनी बार भी परीक्षाफल घोषित हुए है हमेशा ही छात्र – छात्राओं को परेशानी उठानी पड़ती है। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा हूं, परंतु विश्विद्यालय द्वारा अभी तक कोई समाधान नही निकाला गया है। यदि समस्याओं का अतिशीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करेगा। इस मौके पर गणेश कुमार, प्रकाश वाछमी, दिपांशु भट्ट, पंकज कुमार, सागर जोशी, नीरज जोशी आदि लोग मौजूद थे।

## प्रशिक्षण के लिए रवाना हुए एनसीसी कैडेट्स

चम्पावत। चम्पावत से एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण के लिए बैंगलौर रवाना हुए। एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत इन कैडेट को ए ग्रेड का दस दिनी प्रशिक्षण दिया जाएगा। चम्पावत से सात सदस्यीय एनसीसी कैडेट दल रवाना हुआ। एनसीसी के एएनओ सुनीता मेहता और अंजली ने बताया की दल में यूनिर्वसल स्कूल चम्पावत की पांच और जीजीआईसी लोहाघाट की दो छात्राएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दस दिनी प्रशिक्षण के दौरान कैडेट पहाड़ की संस्कृति का प्रदर्शन करेंगी। दल में यूनिवर्सल की ज्योती चंद, मनीषा जोशी, दिया गोस्वामी, करिश्मा महराना, मोहक महर व जीजीआईसी लोहाघाट की सुमन रावत और अदिति राणा शामिल हैं।

# गृह प्रवास को संस्कृति से जोड़ने की जरूरतः पद्मश्री मठपाल

नैनीताल। कुमाऊं विवि के वाणिज्य विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सोमवार को विवि के देवदार हॉल स्वामी विवेकानंद भवन में शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री यशोधर मठपाल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गृह प्रवास पर्यटन एवं भारतीय हिमालय क्षेत्र में सतत विकासः संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से विशेषज्ञ शामिल हुए।

कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कुलपति प्रो. रावत ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हिमालयी क्षेत्र में गृह प्रवास जैसे विषय पर मंथन विशेष पहल है। मुख्य अतिथि पुरातत्वविद पद्मश्री प्रो. मठपाल ने कहा कि होमस्टे के साथ ही विलुप्त हो रहे नदी–नाले व अन्य प्रकार की कलाकृतियां का संरक्षण भी करना होगा।

कार्यक्रम संयोजक वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी ने दो दिवसीय संगोष्ठी का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए सतत विकास, हिमालय एवं गृह प्रवास पर विचार रखे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में देशभर के विभिन्न स्थानों से शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस दौरान बेंगलुरू से डॉ. संध्या, पिथौरागढ़ से मल्लिका वर्दी समेत कई शोधकर्ताओं ने शोध पत्र प्रस्तुत किए। शाम के सत्र में एनसीसी के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**ये रहे मौजूद**

उच्च शिक्षा निदेशक सीडी सूंठा, डीसीबी परिसर निदेशक प्रो. नीति बोरा शर्मा, प्रो. चंद्रकला रावत, प्रो. एसएस यादव, प्रो. सुबोध शर्मा, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. एमएस मावड़ी, प्रो. युगल जोशी, भुवन नोटियाल, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. निधि वर्मा, डॉ. हिमानी जलाल, डॉ. मनोज पांडे, डॉ. जीवन उपाध्याय, अंकिता आर्या, डॉ. तेज प्रकाश, डॉ. पूजा जोशी पालीवाल, डॉ.विनोद जोशी, रीतिशा शर्मा, आस्था अधिकारी, सुबिया नाज, प्रीति आदि। संचालन प्रो. दिव्या जोशी उपाध्याय ने किया।

**विधायक आर्य ने सरकार की योजनाएं बताई**

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंची स्थानीय विधायक सरिता आर्या ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन और होमस्टे पर चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को ऐसी सुविधाएं दी जाएं जिससे उन्हें घर जैसा अनुभव हो।

**घोस्ट विलेज गोद लेकर होमस्टे की परिकल्पना होगी साकार**

मुख्य वक्ता प्रख्यात पर्यावरणविद् हिमगिरी जी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. एससी बागरी ने कहा कि घोस्ट विलेज घोषित हो चुके गांवों को गोद लेकर ऐसी जगह पर होमस्टे की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। एनआईएफएम वित्त मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व प्राध्यापक प्रो. एसएस खनका ने कहा कि होमस्टे को यहां की संस्कृति से जोड़ा जाए।

# स्वास्थ्य सचिव ने किया लोहाघाट अस्पताल का निरीक्षण



चम्पावत। उपजिला अस्पताल का स्वास्थ्य सचिव ने डॉ. आर राजेश कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान सचिव ने अस्पताल की व्यवस्था में जल्द सुधार करने और आईसीयू संचालन के निर्देश दिए। सोमवार को स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सचिव ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सोनाली मंडल को डेंगू के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए डेंगू वार्ड, मच्छरदानी की उचित व्यवस्था, पानी की निकासी, साफ़ सफाई और दवा के छिड़काव की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सचिव ने एमरजेंसी, दंत रोग विभाग, पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, लैब, जनरल वॉर्ड में आवश्यक व्यवस्थाऐं और निरीक्षण में फार्मेसी विभाग की व्यवस्थाओं की सराहना की।

उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से वार्ता करने के साथ ही अस्पताल से उन्हें दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली।

## मजिरकांडा ग्राम पंचायत की खुली बैठक

पिथौरागढ़। मजिरकांडा ग्राम सभा में ग्राम प्रधान किरन भट्ट की अध्यक्षता में खुली बैठक आयोजित की गयी बैठक का संचालन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मनोज धामी ने किया बैठक में पंचायत अधिकार धामी ने पूर्व बैठकों प्रस्तावित प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए आय ब्यय का ब्यौरा ग्रामीणों के सम्मुख रखा झूलाघाट निवासी नूर जहा ने राशन कार्ड ऑनलाइन में आ रही परेशानियों को लेकर कहा की राशन कार्ड नाम जोड़ने को दिए साल भर होने को लेकिन अभी तक नाम नही जोड़ा गया है जिसके चलते आयुष्मान कार्ड बनाना भी मुश्किल हो रहा है ।



# एसएसबी ने शिविर लगाकर किया निःशुल्क दवा वितरण

पिथौरागढ़। भारत नेपाल सीमा के सल्ला में एसएसबी 55वी वाहिनी ने शिविर लगाकर ग्रामीण कास्तकारों को निःशुल्क जांच के साथ ही दवा वितरण किया प्रधान राकेश घटल ने बताया की एसएसबी 55वाहिनी ने शिविर के दौरान चिकित्सको ने मवेशियों को बीमारी से दूर रखने व् दूध बढ़ाने के लिए चिकित्सकीय जानकारियां साँझा करते हुए दवाएं वितरण किया ।

# मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा सम्पन्न




नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक सभागार में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा का समापन हो गया। ब्लॉक शहीद सैनिकों के गांवों से कलशों में भरकर लाई गई मिट्टी को एकत्रित को ब्लॉक से एक कलश में भरकर राज्य स्तर पर पहुंचाया जाएगा।

सोमवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख बसुमती घणाता ने कहा कि, सीमाओं पर खड़े वीर जवानों के कारण ही हम चैंन की नींद सोते हैं। वहीं ब्लॉक प्रमुख ने कार्यक्रम का सही से प्रचार-प्रसार ना होने पर अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी जताई। कनिष्ठ प्रमुख चंद्रमोहन नौटियाल व प्रधान संगठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल ने कहा कि उत्तराखंड को देवभूमि के साथ साथ वीरों की भूमि भी कहा जाता है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष कविता रानी तिवाड़ी, महिला मोर्चा अध्यक्ष इंदु डंगवाल, महामंत्री प्रदीप जोशी, सुषमा रावत, सरोज कंसवाल, बुद्धि महरा, क्षेपंस जितेन्द्र कठैत, राजेन्द्र रावत, प्रीतम पंवार, मोहित शाह, एबीडीओ दलवीर सिंह असवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## छात्रों को बताएं जाएंगें बाल अधिकार

रुद्रप्रयाग : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जनपद में शिविरों के माध्यम से बच्चों को बाल अधिकार एवं कानूनों की जानकारी दी जाएगी। पुलिस, चिकित्सा, शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग की ओर से स्कूल, कॉलेज, गांव-कस्बों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 19 अक्तूबर तक आयोजित किए जाएंगे। अभियान को लेकर आयोजित शिविरों में वाद-विवाद, ड्राइंग, पोस्टर, स्लोगन, निबंध, नुक्कड़ नाटक एवं कविता समेत अन्य माध्यमों से बालक-बालिकाओं को बाल अधिकार एवं कानूनों की जानकारी दी जाएगी। अभियान के जरिए बालक-बालिकाओं को बाल मजदूरी, बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार सहित अन्य कानूनों की जानकारी दी जानी है। (एजेंसी)

# लोकनृत्य में कुराड स्कूल, मार्च पास्ट में थराली संकुल अव्वल

चमोली : विकास खंड थराली के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज तलवाड़ी के खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता में थराली ब्लॉक के छः संकुल केन्द्रो के विद्यालयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग लोक नृत्य में प्राथमिक विद्यालय कुराड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जूनियर वर्ग में हाई स्कूल कुराड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किय, मार्च पास में संकुल थराली प्रथम, संकुल लोल्टी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, कबड्डी में न्याय पंचायत थराली प्रथम, लोल्टी द्वितीय रहा। खो-खो में थराली प्रथम, लोल्टी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक वर्ग बालक में सौरभ कुमार प्राथमिक विद्यालय मेल्ठा, प्राथमिक वर्ग बालिका कुमारी ललिता प्राथमिक विद्यालय घिनपाणी, जूनियर वर्ग में राजकीय जूनियर हाई स्कूल घनियाल की कुमारी बबली ने चैंपियन रहे। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में निर्णायक अनुसूया प्रसाद, रंणजीत गिरी, आरएस बिष्ट, शंभू प्रसाद बहुगुणा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज ग्वालदम ने पुरस्कार वितरण किया। (एजेंसी)

## पीजी की सीटें बढ़ाने की मांग उठाई

चमोली : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में पीजी स्तर पर सीटें बढ़ाने की मांग की है। सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल तलवाड़ को सौंपे सात सूत्री मांगों के ज्ञापन में परिषद के छात्रों ने वाचनालय में दैनिक समाचार पत्र, सभी विभागों में आरओ लगाने, नई शिक्षा नीति पर आधारित पुस्तकें पुस्ताकालय में रखने सहित पार्किंग को व्यवस्थित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अंकुर थपलियाल, सौरभ कुमार, आशुतोष गुसाईं, यश खंडूड़ी आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# छात्रसंघ चुनाव के लिए 17 नामांकन

नई टिहरी : गढ़वाल विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल टिहरी में छात्रसंघ नामांकन के लिए विभिन्न पदों पर कुल 17 छात्र-छात्राओं ने नामांकन करवाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. डीके शर्मा, निर्वाचन अधिकारी डा. केसी पेटवाल तथा डॉ. रविंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रसंघ निर्वाचन 2022-23 हेतु अध्यक्ष पद पर अंशुल भंडारी एवं कृष्ण नेगी, उपाध्यक्ष पर वैभव कुमार, सचिव पद पर नम्रता एवं कपेश्वर मिश्रा, सहसचिव पद पर अजय बेलवाल एवं अजय कुमार नाथ, कोषाध्यक्ष पर अनुराग मखलौगा एवं कार्तिक, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर पंकज असवाल व सुनील तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए संगीता, मोहित तिवारी, गौरव कुमार व नरेश तथा कार्यकारिणी छात्रा आरक्षित पद के लिए सोनम रावत व प्रशांति देवी रेड्डी द्वारा नामांकन करवाया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रोफेसर डीके शर्मा ने अवगत कराया गया कि 10 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच व 10 अक्तूबर को ही नाम वापसी रखी गई है। 10 अक्तूबर को सांय 4:30 बजे प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी जाएगी। 11 को छात्रों द्वारा चुनाव प्रचार व 12 को छात्रों के साथ बैठक 13 को चुनाव तैयारी पर 14 को प्रात 8 बजे से 1 बजे तक मतदान और शाम को छात्र-छात्राओं का परिणाम घोषित कर शपथ दिलवाई जाएगी। परिसर निदेशक प्रो. एए बौड़ाई तथा निवर्तमान निदेशक प्रोआरसी रमोला ने सभी नामांकन केंद्रों का निरीक्षण किया तथा छात्र-छात्राओं को शांतिपूर्ण ढंग से छात्र संघ नामांकन करवाने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. केसी पेटवाल, डा. रविंद्र सिंह, प्रो. एमएस नेगी, प्रो. पीडी सेमल्टी, प्रो. जीडीएस नेगी, प्रोफेसर गीताली पाडियार, प्रो. बीना जोशी, डा. हिमानी बिष्ट, डा. आशुतोष कांत, मुस्कान कपूर, डा. प्रेम बहादुर, डॉ. दिलीप मीणा आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## छात्राओं ने सीखें रोजगार कौशल के गुर

नई टिहरी : धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय में महिंद्रा प्राइड क्लासरूम एवं नांदी फाउंडेशन के सौजन्य से आयोजित 6 दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में प्राचार्य प्रो. आरके उभान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली तीन छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान की गई। मास्टर ट्रेनर रेनू शर्मा ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, संप्रेषण कौशल, नेतृत्व क्षमता, सॉफ्ट स्किल, लाइफ स्किल्स, समूह साक्षात्कार, प्रोफेशनल वैल्यूज, क्रिटिकल थिंकिंग इत्यादि के विषय विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजय महर ने रोजगार कौशल के लिए छात्रों की अभिरुचि और नेतृत्व क्षमता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. विजय प्रकाश, विशाल त्यागी, अजय पुंडीर, निकिता, प्रिया, ऋषिका आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पूर्व क्षेपं प्रमुख के पति के निधन पर जताया शोक

रुद्रप्रयाग : विकासखंड जखोली की पूर्व क्षेत्र पंचायत प्रमुख राजकुमारी रावत के पति शूरवीर सिंह रावत के आकस्मिक निधन पर क्षेत्रीय जनता एवं जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की है। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक भरत सिंह चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह, क्षेत्र पंचायत प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत, पूर्व विधायक मनोज रावत, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल, सांसद प्रतिनिधि कुलेन्द्र राणा, पूर्व क्षेपंस सम्पूर्णानंद सेमवाल, कपूर सिंह रावत, प्रधान मनोज रावत, प्रधानाचार्य विजय सिंह रावत, क्षेपंस सिरवाड़ी पुष्पा रौथाण, पुनीता सेमवाल, मोर सिंह धिरवाण आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# शान्ति प्रसाद भट्ट को मिली अहम जिम्मेदारी

नई टिहरी : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता उत्तराखंड पीसीसी मेंबर शान्ति प्रसाद भट्ट को आगामी विधानसभा चुनावों के लिए राजस्थान राज्य में कांग्रेस आब्जर्वर नियुक्त किया है। पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने राजस्थान की रामगंजमंडी सुरक्षित विधान सभा सीट का आब्जर्वर नियुक्त करते हुए शान्ति प्रसाद भट्ट से उम्मीद व्यक्त की है कि वह राजस्थान में अपने अनुभवों से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पहुंचकर काम करेंगे। राजस्थान में आब्जर्वर की जिम्मेदारी मिलने पर शान्ति प्रसाद भट्ट ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव, उतराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, यशपाल आर्य, प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, भुवन कापड़ी सहित वरिष्ठ कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वह राजस्थान में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। राजस्थान में आब्जर्वर के रूप में वह शीघ्र ही राजस्थान पीसीसी द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार राजस्थान रवाना होंगे। (एजेंसी)

## 10 नन्हीं बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया

रुद्रप्रयाग : बाल विकास परियोजना के सहयोग से अगस्त्यमुनि ब्लॉक सभागार में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना में जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर 10 नवीन जन्मी बालिकाओं का जन्मोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी अगस्त्यमुनि शैली प्रजापति ने बताया कि नवीन जन्मी बालिकाओं अयांशा, प्रिया, प्रियाजल, काजल, अंजना, अनन्या, अल्का, दिव्यांशी, पीयूषी व दिव्यांशी का जन्मोत्सव मनाया गया। साथ ही सभी नवीन जन्मी बालिकाओं को उपहार पुरस्कृत भी किया गया।

# बहुउददेशीय एवं साक्षरता शिविर 15 अक्टूबर को



चमोली : तलवाड़ी में होने बहुउददेशीय विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर के सफल संचालन को लेकर जिला जज धर्म सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर को हाईकोर्ट के वरिष्ठतम न्यायमूर्ति मनोज तिवारी की अध्यक्षता राजकीय इण्टर कॉलेज तलवाडी थराली में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विभागों की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और आम जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव स्मिरनजीत कौर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिन कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुनर्वास पैकेज से बनेगा सुरक्षित व भव्य जोशीमठ : भट्ट

देहरादून] भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि जोशीमठ के लिए केंद्र सरकार की ओर से मंजूर हुए पुनर्वास पैकेज से सुरक्षित और भव्य जोशीमठ बनाया जाएगा। सोमवार को मीडिया को जारी बयान में महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रशासन ने स्थानीय लोगों, विशेषज्ञों और तकनीकी ऐजेंसियों की रिपोर्टों के आधार पर प्रदेश सरकार को पुनर्वास पैकेज का प्रस्ताव भेजा था। राज्य सरकार ने विचार विमर्श के बाद इस प्रस्ताव को केंद्र सरकार को भेजा। उसके आधार पर अब जोशीमठ पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने आर्थिक पैकेज मंजूर किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पैकेज एक सर्वश्रेष्ठ पैकेज है। उन्होंने बताया कि पुनर्वास का कार्य प्रधानमंत्री कार्यालय की मॉनिटरिंग में राज्य सरकार द्वारा कराया जाएगा। विशेषज्ञों की राय के अनुसार ही यह कार्य किए जाएंगे।

# सोशल साइटों पर दोस्ती 33 लाख की ठगी में दो गिरफ्तार

देहरादून]सोशल मीडिया साइटों पर विदेशी बन दोस्ती करने और इसके बाद साइबर ठगी करने वाले गैंग के दो आरोपी साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। आरोपी विदेश से गिफ्ट भेजने का झांसा देकर लोगों से ठगी करते हैं। गिरफ्तार आरोपियों के खातों में 33 लाख रुपये इस तरह जमा कराए जाने की जानकारी मिली है। इनमें 15.71 लाख रुपये हरिद्वार जिले लक्सर क्षेत्र निवासी व्यक्ति से ठगे गए। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि कोतवाली लक्सर में राजकुमार निवासी वार्ड संख्या पांच, लक्सर ने पिछले साल केस दर्ज कराया। कहा कि फेसबुक पर कैथोलिक नन बताने वाली महिला ने दोस्ती हुई। फिर उससे व्हाट्सएप के जरिए भी चैट होने लगी। एक दिन उसने झांसा दिया कि वह राजकुमार को कीमती घड़ी, आईफोन 13, आई पैड, एप्पल का लैपटॉप, सोने की माला और पचास हजार डॉलर भेज रही है। इस तरह पार्सल भेजने की रशीद पीड़ित को भेजी। इसके कुछ दिन बाद पीड़ित को फोन आने शुरू किए। कहा गया कि वह एयरपोर्ट से बोल रहे हैं। विदेश से आया सामान कस्टम में फंसने का झांसा देकर पीड़ित से अलग–अलग झांसे में कुल 15.71 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा लिए गए। मामले में लक्सर कोतवाली में केस दर्ज हुआ।

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज**
**कोटद्वार गढ़वाल**
**दीवानी वाद संख्या 114**
**सन् 2023**

श्रीमती जयश्री कैन्थोला उर्फ यशोदा पुत्री स्व0 खिमानन्द पपनाई पत्नी श्री प्रदीप कुमार कैन्थोला, निवासी गोविन्द नगर, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

**(मोबाइल नम्बर-)**

**– वादी**

**बनाम**

**आम जनता**

नगर निगम कोटद्वार, द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा कलेक्टर महोदय पौड़ी, जनपद पौड़ी गढ़वाल।

तहसीलदार महोदय, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

श्रीमती पुष्पा सती पत्नी श्री केशव दत्त सती पुत्री स्व0 खिमानन्द पपनाई, निवासी ग्राम लोकमणिपुर, पो0ऑ0 लोकमणिपुर (सिगड्डी), तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

श्रीमती मंजूलता ढौडियाल पत्नी श्री सचिदानन्द ढौडियाल, निवासी ग्राम घमण्डपुर, पो0ऑ0 निम्बूचौड़, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

श्री जगमोहन प्रसाद पपनाई पुत्र स्व0 खिमानन्द पपनाई, निवासी ग्राम पदमपुर, पट्टी मोटाढाक, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल।

– प्रतिवादीगण

समन बनाम - आम जनता

चूंकि वादिनी ने अपने नाम को यशोदा के स्थान पर जयश्री कैन्थोला करवाने हेतु एक दावा वास्ते घोषणात्मक आज्ञप्ति मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है। लिहाजा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को वादिनी के नाम को सही करने हेतु एतराज हो वह दिनांक 16-11-2023 को बवक्त 10 बजे दिन मेरे न्यायालय में स्थान कोटद्वार में हाजिर आकर मामले में पैरवी करें। अन्यथा मामले में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 09/10/2023 को जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**न्यायालय सिविल जज**
**कोटद्वार गढ़वाल**

# सकारात्मक सोच, अनुशासित व रचनात्मक दृष्टिकोण रखें दिव्यांगजनः सुबोध उनियाल

देहरादून]कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने दिव्यांगजनों से अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक, अनुशासित, रचनात्मक दृष्टिकोण रखते हुए मेहनत कर आगे बढ़ने की अपील की है। उन्होने दिव्यांगजनों के लिए काम कर रही संस्था समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल(सक्षम) को एक लाख रुपये की सहयोग राशि देने का आश्वासन दिया। वहीं विधानसभाध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने सक्षम संस्था की दिव्यांग हेल्प लाइन व दिव्यांगों की मदद के लिए क्यूआर कोड जारी किया। सक्षम उत्तराखण्ड के नगर निगम में हुए प्रांतीय अधिवेशन में शिरकत करते हुए सीएम प्रतिनिधि के रुप में मौजूद मुख्य अतिथि वन मंत्री ने कहा कि इसका प्रयास किया जाएगा कि, दिव्यांगजनों के आयुष्मान कार्ड सरलता से बने। राज्य में बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू करने के प्रयासों के साथ ही उन्हें संस्था की ओर से दिए गए ज्ञापन के मुद्दों को सीएम के सम्मुख उठाने का आश्वासन दिया। वहीं विधानसभाध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने कहा कि अनेकों दिव्यांगजनों ने अपनी इच्छाशक्ति के बूते विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त की हैं। सक्षम उत्तराखण्ड के प्रांत प्रचारक डॉ शैलेन्द्र ने बताया कि संस्था देशभर में दिव्यांगों के लिए काम कर रही है।

## क्लब में शराब पी रहे युवकों का हंगामा व मारपीट

देहरादून(आरएनएस) राजपुर रोड स्थित क्लब में रविवार रात एक से डेढ़ बजे के बीच शराब पी रहे कुछ युवकों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने वहां बैठे कुछ लोगों से मारपीट करने के साथ ही उन पर बोतलें फेंकी।

## मुकदमा दर्ज

देहरादून, विवाहिता की आत्महत्या में पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। महिला ने बीते छह अक्तूबर को साईं मंदिर परिसर स्थित आवास में आत्महत्या कर ली थी। एसओ राजपुर जितेंद्र चौहान ने बताया कि सिंकदर निवासी निकट शिप्रा विहार, कैनाल रोड ने तहरीर दी। बताया कि उसकी बहन का विवाह 2012 में राकेश राय के साथ हुआ था। हाल में वह साईं मंदिर परिसर राजपुर रोड पर किराये पर रहता है और सैटरिंग का काम करता है। कहा कि शादी के दो साल बाद से पति उनकी बहन का उत्पीड़न करने लगा। यह क्रम लगातार चलता रहा।

# नंदासैंण पर्यावरण संवर्धन एवं विकास मेले की तैयारियां शुरू

चमोली : राज्य स्थापना दिवस से शुरू होने वाले चार दिवसीय नंदासैंण पर्यावरण संवर्धन एवं विकास मेले की तैयारियां शुरू हो गई है।

रविवार को नंदासैंण में मेला तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही समिति का गठन कर जाख वार्ड के जिला पंचायत सदस्य विनोद नेगी को मेला समिति का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं मोहन सिंह भंडारी को कार्यकारी अध्यक्ष और विनोद मालई को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। क्षेत्र पंचायत सदस्य हरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा कि मेले में पारंपरिक और स्थानीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए लोक परंपराओं पर आधारित कार्यक्रम किए जाएंगे।

साथ ही नंदासैंण क्षेत्र के विकास के लिए मेले के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं गठित समिति में गोविंद भंडारी, लक्ष्मी रावत, पुष्कर सिंह, भूपेंद्र रावत, भूपेंद्र चौहान, सतेश्वर हिमालय, सुरेंद्र भंडारी और अर्जुन भंडारी को उपाध्यक्ष, सरिता कुंवर और सुभाष नौटियाल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, केदार नैथानी कोषाध्यक्ष और हरेंद्र चौधरी को संयोजक बनाया गया। जबकि कल्याण सिंह रावत, अरूण मैठाणी, गोवर्धन कैलखुरा सहित स्थानीय एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को संरक्षक मंडल में रखा गया। बैठक में हर्षवर्धन नौटियाल, द्वारिका प्रसाद, याकूब मियां, पंकज कैलखुरा, अंजना देवली, रतन सिंह रावत, योगेंद्र रावत आदि ने विचार रखे। (एजेंसी)

## एकता की कप्तानी में उत्तराखंड टी–20 खेलने उतरेगा

देहरादून,क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड(सीएयू) ने 19 अक्तूबर से नागपुर में होने वाली सीनियर महिला वर्ग टी–20 ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में तीन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। एसोसिएशन के प्रवक्ता विजय प्रताप मल्ल ने बताया कि टीम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एकता बिष्ट की कप्तानी में खेलेगी। टीम में पूनम रउत, मानसी जोशी, जैसिया अख्तर, सारिका कोली, राघवी बिष्ट, कंचन परिहार, दिव्या बोहरा, प्रीति भारद्वाज और पूजा राज शामिल हैं।

# डीएम अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में 120 शिकायतें प्राप्त





देहरादून,जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आज 120 शिकायतें प्राप्त हुई। प्राप्त शिकायतों में भूमि विवाद, भूमि सीमांकन, वृद्धजनों से सम्बन्धित शिकायत, अतिक्रमण, आपसी विवाद पेयजल, विद्युत आदि शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरियादियों की समस्याओं को ध्यान से सुने तथा उनका समयबद्ध निस्तारण करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त अपने विभागों से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण की समस्या अपने स्तर से भी करें। ताकि फरियादियों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतें का त्वरित निस्तारण करें, अन्य शिकायतें जिन पर जाचं के उपरान्त कार्यवाही संभव है पर समयावधि के अन्तर्गत कार्यवाही पूर्ण करते हुए निस्तारण करें। जनसुनवाई में तहसील विकासनगर अन्तर्गत अजीतनगर में परिजनों द्वारा कूटरचित तरीके से भूमि पर कब्जा करने, ईस्टहोपटाउन में प्रापर्टी डीलर द्वारा धनराशि लेने के पश्चात भी रजिस्ट्री न करने, छरबा में ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण करने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए। तहसील सदर अन्तर्गत वर्ष 2002 में आयुक्त गढवामण्डल के आदेश के उपरान्त भी राजस्व अभिलेखों में नाम न चढने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सहसस्त्रधारा में बिल्डर द्वारा एसटीपी मानकों के अनुसार न बनाए जाने की शिकायत पर एमडीडीए एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नियमानसुार कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुझरना कमठान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर नंदन कुमार (आईएएस), उप जिलाधिकारी हरिगिरी गोस्वामी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, अधि अभि विद्युत राकेश कुमार, सिंचाई, लोनिवि, पेयजल, जल संस्थान, समाज कल्याण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी/कार्मिक उपस्थित रहे तथा उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, ऋषिकेश योगेश मेहरा, डोईवाला अपर्णा ढौंडियाल, चकराता युक्ता मिश्रा सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 31.10.2023 है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेटबैंकिंग, डेबिटकार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा ।डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें ।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या दिनांक | 11-GSU-MB-23-24 06/10/2023 |
| कार्य का नाम | Improvement and alteration in goods shed at BRYC under Dy.CE/GSU/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 31.10.2023, 16:00 |
| अनुमानित लागत | 17073889.96 |
| धरोहर राशि | 235400.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 17/10/2023 |

टेन्डर न.: Dy.CE/GSU/MB/Publication-11/23-24 दिनांक: 09.10.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3120/23

सम्पादकीय

# साइबर क्राइम से जूझता सुरक्षा तंत्र

पुलिस के लिए वर्तमान दौर नई–नई अपराधिक चुनौतियों से भरा हुआ साबित हो रहा है। जहां एक तरफ पुलिस नियमित होने वाले अपराधों से जूझ रही है तो वहीं साइबर अपराध घर–घर के अंदर अपनी पहुंच से लोगों की जेब खाली कर रहा है। जागरूकता का अभाव एवं हाथों में मोबाइल साइबर अपराधियों को आसान रास्ता दिखा रहे हैं। थोड़ा सा लालच और रातों–रात अमीर बनने की ख्वाहिश साइबर अपराधियों की राह को उनके मन मुताबिक चला रही है। हालांकि पुलिस ने साइबर अपराध से जुड़े कई बड़े प्रकरणों का खुलासा भी किया है, लेकिन एक रास्ता बंद होने के बाद साइबर क्राइम की ऐसी नई विधाएं सामने आने लगते हैं जो पुलिस के लिए फाइलों का अंबार खड़ा कर देती है। साइबर अपराध से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसी को अब आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य हो गया है। पान परिस्थितियों में तो परंपरागत पुलिसिंग से उच्च तकनीक वाले साइबर क्राइम से निपटना असंभव सा ही दिखता है। हकीकत यही है कि पुलिस अपने संसाधनों से साइबर क्राइम से निपटने में अभी सक्षम नहीं बन पाई है और इसके लिए विवेचना की दिशा में निजी क्षेत्र की साझेदारी बेहद जरूरी है। यही नहीं पुलिस विभाग को भी ऐसी हाईटेक कंप्यूटर लैब एवं उच्चतम टेक्निक उपलब्ध करानी होगी जो साइबर अपराधियों की कारगुजारियों से दो कदम आगे चलकर काम करें। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में ऑल इंडिया पुलिस साइंस कांग्रेस में साइबर क्राइम के विषयों पर एक्सपर्ट ने अपने विचार सामने रखें तो सारा निचोड़ निकालकर यही आया कि वर्तमान समय में अपराध के तरीके बड़े हैं और अब साइबर क्राइम के जरिए ठगी और लूटपाट की घटनाएं बिना बलप्रयोग के की जा रही है। हर प्रकार के अपराध के लिए इंटरनेट और सोशल मीडिया का खुलकर प्रयोग किया जा रहा है जिसमें समाज में नफरत घोलने से लेकर नए प्रकार से अपराधों को जन्म देने की प्रवृत्ति पनप रही है। साइबर क्राइम के बढ़ते साम्राज्य को देखते हुए अब यह जरूरी है कि पूरे देश भर में राज्य आपसी समन्वय से इस दिशा में कार्य करें एवं एक दूसरे को अपना पूर्ण सहयोग दें। देश की आंतरिक सुरक्षा में भी साइबर अपराधी घात लगा रहे है, लिहाजा यहां भी सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारियां काफी बढ़ गई है। साइबर क्राइम से बचाव के लिए सबसे आसान रास्ता जागरूकता है। इसके बारे में मोबाइल नेटवर्क एजेंसी से लेकर स्थानीय पुलिस तंत्र को अपने नागरिकों को इससे बचाव एवं ठगी होने की दिशा में तत्काल कार्रवाई के तरीके बताने चाहिए। मोबाइल या फिर दूसरे साइबर संसाधनों का प्रयोग करने वालों को इसके प्रयोग को लेकर बेहद सावधानी बरतनी चाहिए तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी दशा में साझा नहीं करना चाहिए। एक बार साइबर क्राइम होने के बाद अपराधी तक पहुंचना बेहद जटिल कार्य है। अतः सबसे महत्वपूर्ण कदम यही होगा की इंटरनेट के प्रयोग को लेकर फूंक फूंक कर कदम रखा जाए। पुलिस और अपराधियों में अधिक दूरी नहीं होती फर्क सिर्फ इतना होता है कि इन्हें पकड़ने के लिए किस प्रकार के संसाधनों एवं कैसा प्रशिक्षण सुरक्षा कर्मियों को दिया गया है? एक बार यदि सुरक्षा कर्मियों को अत्याधुनिक संसाधनों के साथ साइबर क्राइम से संबंधित हाईटेक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तो निश्चित तौर पर साइबर अपराधियों तक हाथ पहुंचना मुश्किल नहीं होगा।

# यौन सहमति : भारतीय परिवेश का रहे ख्याल

**डॉ. विजय राय**



**नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर द चाइल्ड एंड द लॉ द्वारा 2018 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि आंध्र प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 20 प्रतिशत से अधिक मामले रोमांटिक थे। इन्हीं मामलों की सुनवाई करते हुए निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक को इसमें बदलाव की जरूरत लगी। पिछले दिसम्बर में, भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने संसद से सहमति की उम्र के मुद्दे पर फिर से विचार करने की अपील की थी क्योंकि किशोरों की सहमति से यौन संबंध के मामलों की जांच करने वाले न्यायाधीशों को कठिनाइयां होती हैं। इस साल जून में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से भी ऐसा ही अनुरोध किया गया था।**

किसी व्यक्ति या समूह से आम संबंध के मामले उनका आपस में सहमत होना एक सामान्य अपेक्षा है। इसमें उम्र की बाध्यता नहीं है, लेकिन यौन संबंध बनाने में उम्र एक वैधानिक शर्त हो जाती है।

इसमें तब एक खास भौगोलिक परिस्थिति में रहने वाले प्राणियों की विशिष्ट जैविक संरचना, वहां की पारिवारिक–सामाजिक रीति–रिवाजों एवं सांस्थनिक–वैधानिक मान्यताओं की भूमिका हो जाती है। इन आधारों पर सहमतिपूर्ण यौन संबंधों की वैधानिकता तय की जाती है।

अपने देश में 2012 में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट (पोस्को) के तहत यौन संबंधों पर सहमति उम्र 18 वर्ष तय की गई है। इससे कम उम्र में बनाए गए ऐसे संबंध को रेप माना गया है–चाहे वह परस्पर प्रेम या सहमति से ही क्यों न बनाया गया हो। इसके लिए तीन से 10 वर्ष की सजा के प्रावधान हैं। प्रेम और सहमति से बने संबंधों पर पोस्को का कठोर प्रावधान प्रारंभ से ही एक खटकने वाला बिंदु रहा है। इसलिए कि यह उपबंध किशोरों–किशोरियों में हो रहे जैविक या अवधारणात्मक विकास को परिलक्षित नहीं करता।

लिहाजा, बदलाव की मांग न्यायिक संस्थानों से भी की जा रही है, लेकिन विधि आयोग ने अपनी सिफारिश में सहमति की उम्र 18 से 16 वर्ष करने के संशोधन प्रस्ताव एवं आग्रहों को सिरे से खारिज कर दिया है। 22वें विधि आयोग ने शुक्रवार को केंद्रीय कानून मंत्रालय को सौंपी 126 पेज की रिपोर्ट में कहा कि सहमति की आयु घटाकर 16 वर्ष करने से बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर सीधा और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से हटाने से वास्तविक मामलों को नुकसान होगा और पोस्को अधिनियम महज कागजी कानून बनकर रह जाएगा।

तो फिर परस्पर सहमति से बने संबंध का क्या होगा? आयोग ने इस मामले सजा में छूट समेत अन्य पहलुओं को न्यायालय के विवेक पर छोड़ दिया है। उसका कहना है कि 16 साल या उससे अधिक (18 से कम) उम्र में सहमति से संबंध के मामले में लडके–लडकी की उम्र का फासला 3 साल या उससे अधिक है तो इसे अपराध की श्रेणी में मानना चाहिए। यह सहमति तीन आधारों पर परखी जाए और उसी आधार पर इसे अपवाद भी माना जाए। अदालतें ये देखें कि दोनों में सहमति भय या पलोभन पर तो आधारित नहीं थी?

ड्रग का तो इस्तेमाल नहीं किया गया? यह सहमति किसी प्रकार से शारीरिक व्यापार के लिए तो नहीं। उम्र कम करने की बजाय इसके दुरुपयोग को रोका जाए। कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाले आयोग ने उन स्थितियों से निपटने के लिए पोक्सो अधिनियम, किशोर न्याय (जेजे) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में कई संशोधनों की सिफारिश की, जहां मौन स्वीकृति है, जबकि 16 से 18 साल के बीच के किशोरों के यौन संबंध को कानून में सहमति नहीं माना जाता।

पर किशोरों को यौन शोषण से बचाने के लिए लाए गए पोस्को कानून को लेकर इधर कुछेक वर्षों में आवाजें उठने लगी हैं। यह अनुभव किया जाने लगा है कि सहमतिपूर्ण संबंधों के वास्तविक मामलों में भी सैकड़ों किशोरों को सजा हो जा रही है।

इससे वे बच्चे आपराधिक श्रेणी में आ रहे हैं। एनसीआरबी–2021 की रिपोर्ट के अनुसार, पोक्सो के तहत मामलों के पीड़ितों की सबसे बड़ी संख्या 16 से 18 के बीच है, और इनमें ज्यादातर लड़कियां हैं। इन मामलों में अखिल भारतीय सजा दर लगभग 32 फीसद थी। उल्लेखनीय है कि भारत में 18 वर्ष से कम उम्र के 400 मिलियन से अधिक लोग थे, जो कुल जनसंख्या का लगभग 36.7 फीसद है। एनफोल्ड प्रोएक्टिव हेल्थ ट्रस्ट, जो एक बाल अधिकार चैरिटी है, उसने खुलासा किया है कि 2016 और 2020 के बीच असम, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में पोस्को के 24.3 प्रतिशत मामले 'रोमांटिक मामले' थे और इनमें से 87.9 प्रतिशत मामलों में लडक़ी ने माना था कि लडक़े के साथ उसके रोमांटिक रिश्ते थे।

नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर द चाइल्ड एंड द लॉ द्वारा 2018 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि आंध्र प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 20 प्रतिशत से अधिक मामले रोमांटिक थे। इन्हीं मामलों की सुनवाई करते हुए निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक को इसमें बदलाव की जरूरत लगी। पिछले दिसम्बर में, भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने संसद से सहमति की उम्र के मुद्दे पर फिर से विचार करने की अपील की थी क्योंकि किशोरों की सहमति से यौन संबंध के मामलों की जांच करने वाले न्यायाधीशों को कठिनाइयां होती हैं। इस साल जून में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से भी ऐसा ही अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति दीपक कुमार अग्रवाल ने सरकार से किशोर लडक़ों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किए जाने के 'अन्याय' से बचने के लिए सहमति की उम्र घटाकर 16 साल करने का आग्रह किया। न्यायाधीश ने कहा, 'आजकल, सोशल मीडिया जागरूकता और आसानी से सुलभ इंटरनेट कनेक्टिविटी के कारण 14 वर्ष की आयु के करीब हर पुरुष या महिला कम उम्र में ही यौवन प्राप्त कर रहे हैं। लडक़े और लड़कियां एक–दूसरे के प्रति आकर्षित हो रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अंततः सहमति से शारीरिक संबंध बनते हैं।' न्यायाधीश का आकलन था कि 'इन मामलों में, पुरु ष व्यक्ति बिल्कुल भी अपराधी नहीं हैं। यह केवल उम्र की बात है जब वे महिलाओं के संपर्क में आते हैं और शारीरिक संबंध बनाते हैं।'

देश में यौन संबंधों में सहमति की उम्र कम करने को लेकर भारतीय समाज में मांग बढ़ती जा रही है। सहमति की उम्र विश्व में 12 से 21 वर्ष तक है लिहाजा भारत को ऐसे में अपनी सामाजिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए विचार करना चाहिए। इस ओर ध्यान दिया जाए कि भारत की किशोर आबादी यौन रूप से सक्रिय है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस–5) से पता चला कि 39 प्रतिशत से अधिक महिलाओं ने 18 साल की उम्र से पहले यौन संबंध बना लिए थे और 25–49 आयु वर्ग में 10 प्रतिशत ने कहा कि उन्होंने 15 साल की उम्र से पहले उन्होंने ऐसा किया था।

स्मार्ट फोन और इंटरनेट से संपन्न इस भारत में यही सही वक्त है जब यौन शिक्षा प्राथमिक कक्षा से शुरू की जाए। उन्हें इसके बारे में वैज्ञानिक जानकारी देने का। कर्नाटक हाईकोर्ट ने तो उस मामले पर विचार करते हुए स्कूलों में इसकी शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम बनाने पर जोर दिया था। इसलिए यौन संबंधों के बारे में घर–परिवार, स्कूलों एवं स्थानीय निकायों से लेकर जिम्मेदारीपूर्ण विमर्श में भी इसे शामिल किया जाए। यह काम कुछ स्कूलों में और स्थानीय निकायों ने शुरू भी कर दिया है। दबाव उम्र कम करने का पर यौन संबंधों पर एकल सहमति पूरे भारत का परिवेश एक जैसा समतल नहीं है।

# पुराने ढर्रे की विपक्षी राजनीति

**हरिशंकर व्यास**

**राज्यों में हो सकता है कि प्रादेशिक राजनीतिक मुद्दों और अस्मिता के सवाल पर कुछ जगह विपक्षी पार्टियां जीत जाएं लेकिन लोकसभा चुनाव में उनका दांव नहीं चलता है। उलटे कुछ राज्यों में जीतने के बाद उनका यह भ्रम मजबूत होता है कि वे पुराने ढर्रे की राजनीति से ही भाजपा को उसी तरह से हरा देंगे, जैसे राज्य में हरा दिए। ममता बनर्जी ने बंगाल में हरा दिया या कांग्रेस ने कर्नाटक में हरा दिया तो इससे भाजपा लोकसभा का चुनाव भी हार जाएगी, यह बड़ी गलतफहमी है।**
**विपक्षी पार्टियों को चुनाव लडऩे का तरीका नरेंद्र मोदी और अमित शाह से सीखना चाहिए। उनकी चुनावी राजनीति कभी भी एक ढर्रे वाली नहीं होती है। वह राज्य के हिसाब से और हालात के हिसाब से बदलती रहती है। रणनीति बदलती रहती है लेकिन प्रचार का तरीका एक जैसा रहता है। मोदी ने कर्नाटक के चुनाव में बड़ी मेहनत की लेकिन हार गए तो इससे मोदी मेहनत करना बंद नहीं करते हैं। वे उससे ज्यादा मेहनत मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कर रहे हैं। उससे ज्यादा मेहनत राजस्थान और तेलंगाना में कर रहे हैं। कारपेट बॉम्बिंग के स्टाइल में उनकी रैलियां हो रही हैं। वे हर राज्य में कई कई बार दौरा कर चुके और हर दौरे में कई कई हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।**

कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां अनगिनत चुनाव हारने के बाद भी समझ नहीं रही हैं कि उनके चुनाव लडऩे के तरीके में कुछ कमी है। वे हर बार कोई न कोई बहाना खोज लेते हैं। कई बार कहा जाता है कि भाजपा हिंदू–मुस्लिम की विभाजनकारी राजनीति करती है। कई बार कहा जाता है कि राष्ट्रवाद के झूठे नारे पर जनता को बरगला लेती है। अगर इस तरह का कोई मुद्दा नहीं मिलता है तो इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन यानी ईवीएम और चुनाव आयोग को दोष दे दिया जाता है। यानी विपक्ष किसी तरह से अपनी कमी स्वीकार नहीं करता है। विपक्ष की पार्टियों को समझ ही नहीं आता है कि जिस पुराने ढर्रे की राजनीति वो कर रही हैं उसके दम पर नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा को जीतने से नहीं रोका जा सकता है।

राज्यों में हो सकता है कि प्रादेशिक राजनीतिक मुद्दों और अस्मिता के सवाल पर कुछ जगह विपक्षी पार्टियां जीत जाएं लेकिन लोकसभा चुनाव में उनका दांव नहीं चलता है। उलटे कुछ राज्यों में जीतने के बाद उनका यह भ्रम मजबूत होता है कि वे पुराने ढर्रे की राजनीति से ही भाजपा को उसी तरह से हरा देंगे, जैसे राज्य में हरा दिए। ममता बनर्जी ने बंगाल में हरा दिया या कांग्रेस ने कर्नाटक में हरा दिया तो इससे भाजपा लोकसभा का चुनाव भी हार जाएगी, यह बड़ी गलतफहमी है।

विपक्षी पार्टियों को चुनाव लडऩे का तरीका नरेंद्र मोदी और अमित शाह से सीखना चाहिए। उनकी चुनावी राजनीति कभी भी एक ढर्रे वाली नहीं होती है। वह राज्य के हिसाब से और हालात के हिसाब से बदलती रहती है। रणनीति बदलती रहती है लेकिन प्रचार का तरीका एक जैसा रहता है। मोदी ने कर्नाटक के चुनाव में बड़ी मेहनत की लेकिन हार गए तो इससे मोदी मेहनत करना बंद नहीं करते हैं। वे उससे ज्यादा मेहनत मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कर रहे हैं। उससे ज्यादा मेहनत राजस्थान और तेलंगाना में कर रहे हैं। कारपेट बॉम्बिंग के स्टाइल में उनकी रैलियां हो रही हैं। वे हर राज्य में कई कई बार दौरा कर चुके और हर दौरे में कई कई हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।

वे हर चुनाव से पहले चुनावी राज्य में इसी तरह से काम करते हैं और परियोजनाओं के शिलान्यास और उद्घाटन का पूरा होने के बाद चुनाव आयोग चुनावों की तारीख घोषित करता है। उसके बाद फिर मोदी की रैलियों और रोड शो का नया दौर शुरू होता है।

इसकी तुलना में विपक्षी पार्टियों को देखें तो वे प्रचार का पारंपरिक तरीका अपनाए हुए हैं। मिसाल के तौर पर कांग्रेस को देखें तो वह इस धारणा से बाहर ही नहीं निकल रही है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सर्वोच्च नेता हैं और इनकी ज्यादा सभाएं नहीं होनी चाहिए। तभी चुनावी राज्यों में दोनों की गिनती की सभाएं हुई हैं। दोनों आराम से बैठे हैं और ड्राइंग रूम पोलिटिक्स कर रहे हैं। अब भी वहां यही परंपरा चल रही है कि एक सभा करके आ गए और उसके बाद बैठ कर सुन रहे हैं कि वाह क्या अद्भुत सभा हुई है और कितने लोग जुट गए, अब तो भाजपा हार जाएगी। फिर हफ्ते–दस दिन के बाद ही दूसरी सभा होगी।

# सिर्फ जूस पीकर नहीं कम किया जा सकता है वजन! जानिए क्या है इसके पीछे का लॉजिक



सिर्फ जूस पीकर वजन कम किया जा सकता है? यह सवाल का अगर सीधे तौर पर जवाब होगा नहीं. क्योंकि शरीर को चाहिए पोषण और सिर्फ जूस पीकर आपके शरीर को भरपूर पोषण नहीं मिल पाएगा. ऐसे में यह ख्याल गलत है कि जूस पीकर वजन कम किया जा सकता है. अगर लॉन्ग टर्म में वजन कम करना है तो जरूरी है कि आप पोषण और प्रोटीन से भरपूर खाना खाए खाएं.

कई लोगों को ऐसा लगता है कि वह खाना कम खाएंगे और ज्यादा जूस पिएंगे तो उनका चेहरा ग्लो करेगा. लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि फ्रूट्स हो या वेजिटेबल जूस यह आपको पोष्टिक डाइट के ऊपर से लेना चाहिए. तभी आपके शरीर पर इसका असर दिखाई देगा.

हेल्थ एक्सपर्ट हमेशा यह सलाह देते हैं कि कभी भी सिर्फ जूस पर निर्भर नहीं रहना चाहिए बल्कि हमेशा एक व्यक्ति को अपनी शरीर के हिसाब से प्रॉपर डाइट फॉलो करनी चाहिए. सिर्फ जूस लेना आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है.

जूस में चीनी की मात्रा अधिक होती है

जूस में चीनी की मात्रा अधिक होती है. एक गिलास जूस पीने से आपके ब्लड सर्कुलेशन में अचानक से शुगर का लेवल बढ़ सकता है. शरीर इस पर प्रतिक्रिया करता है और शरीर की प्रत्येक कोशिका में शर्करा वितरित करने के लिए इंसुलिन जारी करता है.

हालांकि, आपकी ऊर्जा के स्तर में गिरावट हो सकती है, क्योंकि कोशिकाएं इस शर्करा को बहुत जल्द अवशोषित कर लेती हैं और आपको थका हुआ और थका हुआ छोड़ देती हैं. इसके बाद, आपका शरीर फिर से ऊर्जा पाने और काम जारी रखने के लिए अधिक चीनी की चाहत रखता है.संयोग से, आप इस ऊर्जा घाटे को कम करने के लिए उच्च चीनी वाले खाद्य पदार्थों तक पहुंच सकते हैं. इससे वजन घटाने के आपके सभी प्रयास विफल हो सकते हैं, क्योंकि आप अधिक कैलोरी खा सकते हैं, जो वसा के रूप में जमा हो जाती है.प्रोटीन की मात्रा कम होती हैफाइबर के अलावा जूस–डाइट में प्रोटीन की मात्रा भी कम होती है. प्रोटीन मांसपेशियों के निर्माण में मदद करते हैं और वजन घटाने के लिए जरूरी होता है. वे स्वस्थ प्रतिरक्षा कोशिकाएं बनाने के लिए भी जिम्मेदार हैं जो संक्रमण और बीमारियों से बचाती हैं. इसलिए, यदि आप केवल जूस–डाइट पर निर्भर हैं, तो कमजोर इम्युनिटी के कारण आप बीमार हो सकते हैं या कमजोर हो सकते हैं.

# साख का क्या होगा?

यह धारणा मजबूत हो गई है कि आरोपी सत्ताधारी पार्टी में चले जाएं, तो फिर उनके खिलाफ कार्रवाई ठहर जाती हैं। फिलहाल, सरकार को ऐसी धारणाओं की परवाह नहीं है। लेकिन यह धारणा जांच एजेंसियों की साख को क्षीण करती जा रही है।

इस हफ्ते मंगलवार को न्यूजक्लिक वेबसाइट और उससे जुड़े कर्मचारी सरकार के निशाने पर आए। अगले दिन आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह के घर पर प्रवर्तन निदेशालय ने ना सिर्फ छापा मारा, बल्कि कथित शराब घोटाले में उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया। और गुरुवार सुबह–सुबह यह खबर आई कि आय कर विभाग तमिलनाडु में स्थित डीएमके सांसद एस जगतरक्षण के 40 से ज्यादा ठिकानों पर दबिश दे दी है। वैसे तो ऐसी कार्रवाइयों का अब लंबा सिलसिला बन चुका है, लेकिन हाल में इनमें काफी तेजी आई दिख रही है। इस तेजी के पीछे कारण या मंशा चाहे जो हो, लेकिन यह तो रोज अधिक साफ होता जा रहा है कि ऐसी कार्रवाइयां देश के एक बड़े जनमत में उतनी ही तेजी से अपनी साख गंवाती जा रही हैं। मुमकिन है कि सरकारी एजेंसियां जो इल्जाम लगा रही हैं, उनमें दम हो। लेकिन यह निर्विवाद है कि इन एजेंसियों को ऐसे इल्जाम सिर्फ विपक्षी नेताओं या सरकार से असहमत मीडिया और गैर–सरकारी संगठनों के मामले में ही नजर आते हैं।

यह धारणा मजबूत होती चली गई है कि जिन पर आरोप लगे हों, अगर वे सत्ताधारी पार्टी में चले जाएं, तो फिर कार्रवाइयां भी उसी मुकाम पर ठहर जाती हैं। फिलहाल, सरकार को ऐसी धारणाओं की परवाह नहीं है। लेकिन यह धारणा जांच एजेंसियों की साख को क्षीण करती जा रही है। विपक्ष की तरफ से उनके सरकार का राजनीतिक हथियार होने की बात अब खुल कर कही जाती है और इस पर यकीन करने वाले लोगों की संख्या बढ़ती चली गई है। संजय सिंह की गिरफ्तारी से ऐसी धारणा और मजबूत होगी। संजय सिंह पर आरोप है कि उन्होंने व्यापारी दिनेश अरोड़ा को मनीष सिसोदिया से मिलवाया था। अरोड़ा और सिसोदिया इस मामले में अभियुक्त हैं, लेकिन अरोड़ा अब सरकारी गवाह बन चुका है। अब तक जो तथ्य सार्वजनिक हुए हैं, उनसे शराब घोटाले में संजय सिंह की प्रत्यक्ष भूमिका के कोई संकेत नहीं हैं। क्या ऐसे आरोपी की गिरफ्तारी एक सामान्य प्रक्रिया समझी जाएगी? सामान्य दिनों में ऐसा नहीं होता था। लेकिन अभी हम सामान्य समय में नहीं जी रहे हैं।

# दिन में एक बार भी बालों में कंघी न करने का जानें नुकसान, जानें दिन में कितनी बार करनी चाहिए कंघी



सुंदर और मोटे बाल हर किसी की इच्छा होती है. लेकिन इसके लिए बालों की देखभाल भी बहुत जरूरी है. अगर आप अपने बालों को मजबूत, घना और स्वस्थ रखना चाहते हैं तो केवल शैम्पू और कंडीशनर करने से काम नहीं चलेगा. बालों से जुड़ी हर छोटी बातों पर आपको ध्यान देना जरूरी है. जैसे बालों में कंघी करना.क्या आप जानते हैं कि दिन में एक बार भी बालों में कंघी न करने से बालों को नुकसान पहुंच सकता है.आइए जानते हैं दिन में कितनी बार बालों में कंघी करनी चाहिए ताकि बालों की सुंदरता बनी रहे.

बालों में दिन में कितनी बार कंघी करनी चाहिए जानें

बालों को स्वस्थ्य और अच्छा बनाए रखने के लिए कंघी करना जरूरी है. कंघी से बालों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है, बाल मजबूत होते हैं और उलझन नहीं होती. यह बालों की चमक भी बढ़ाता है. दिन में कितनी बार बालों में कंघी करनी चाहिए, यह एक आम सवाल है. बालों को स्वस्थ रखने के लिए कम से कम दिन में दो बार कंघी जरूरी है. एक बार सुबह उठने पर और एक बार रात को सोने से पहले कंघी करनी चाहिए. इसके अलावा, बालों की लंबाई और जरूरत के हिसाब से आप दिन में अन्य समय पर भी कंघी कर सकते हैं. लंबे बाल जल्दी उलझ जाते हैं इसलिए इससे बचने के लिए दिन में कम से कम 3 बार कंघी करनी चाहिए. इससे बालों का टूटना और कमजोर होना रुक जाता है.

**बालों में कंघी के फायदे**

* कंघी करने से बालों की उलझनें दूर होती हैं और बाल सुंदर दिखते हैं
* यह बालों में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है जिससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं.
* कंघी से बालों की मृत त्वचा हटती है और नए बाल आने का रास्ता साफ होता है.
* यह बालों में प्राकृतिक तेल का संचार करता है जिससे बाल चमकदार और मजबूत बनते हैं.
* कंघी करने से बालों में जमा धूल–मिट्टी और अन्य गंदगी निकल जाती है.
* यह स्कैल्प की सफाई करता है और रोगाणुओं से बचाता है.
* नियमित कंघी से बाल झडऩा कम होता है और तेजी के बाल बढ़ता है.
* कंघी से बालों में वॉल्यूम आता है और बाल घने दिखते हैं.

## 2 बच्चों समेत परिवार के 5 सदस्य जिंदा जले

**जालंधर,एजेंसी** । पंजाब में जालंधर के अवतार नगर में पांच सदस्यों की आग में झुलसने से एक साथ मौत हो गई। मृतक के भाई का कहना है कि परिजनों ने 7 महीने पहले डबल डोर वाला एक फ्रिज खरीदा था। भाई के मुताबिक फ्रिज का कंप्रेशर फटने के कारण यह हादसा हुआ है। घटना बीती रात के करीब की बताई जा रही है। जिस दौरान लोग खाना खाकर छत पर टहलने निकले तो उन्होंने घर से धुआं निकलते देखा और दमकल विभाग के साथ पुलिस को सूचित किया।

घटना की सूचना पर मिलने पर फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पहले बच्चों को बाहर निकाला, जिसमें अस्पताल पहुंचने से पहले जिंदा जले 15 साल की लडक़ी और 12 साल के लडक़े की मौत हो गई। बाद में सिविल अस्पताल में उपचार के दौरान तीन अन्य लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान यशपाल सिंह, रुचि, दीया, मंशा और अक्षय के रूप में हुई है। जबकि इंद्रपाल सिंह की हालत नाजुक बताई जा रही है।

## मणिपुर में युवक को जिंदा जलाने का वीडियो आया सामने, इलाके में दहशत जैसा माहौल

**नई दिल्ली,एजेंसी** । मणिपुर में रविवार को कुकी समुदाय के युवक को जिंदा जलाने का वीडियो सामने आया है। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फ्रंट के प्रवक्ता घिन्जा ने ये वीडियो शेयर किया है। 7 सेकेंड के वीडियो में जिंदा युवक जलता हुआ दिखाई दे रहा है। आसपास कुछ आरोपियों के केवल पैर दिख रहे हैं। वीडियो के बैकग्राउंड से गोलियों के चलने की आवाज भी आ रही है। हालांकि वीडियो शेयर करने वाले ने ये भी बताया है कि ये घटना मई की है लेकिन अब इस घटना के बारे में पता लगा है। उधर, इंफाल पश्चिम के सिंगजामेई में देर रात ग्रामीण विकास मंत्री वाई खेमचंद के घर के गेट के पास ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ। इस हादसे में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, राज्य के सीएम बीरेन सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

## सिक्किम में अचानक आई बाढ़ में मारे गए असम के सैनिक का किया गया अंतिम संस्कार

**गुवाहाटी,एजेंसी** । असम के बक्सा जिले में उनके पैतृक गांव में मृत जवान मितुल कलिता के पार्थिव शरीर का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

कलिता हाल ही में सिक्किम में आई बाढ़ में लापता हो गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह उनका शव मिला।

इसके बाद जवान के पार्थिव शरीर को बक्सा जिले के आनंदबाजार हटखुला इलाके में भेज दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मितुल के आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

## हमास ने 100 से अधिक इजरायलियों को बनाया बंधक, उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारी भी बंधकों में शामिल

**यरुशलेम ,एजेंसी।** फिलिस्तीनी हमास आतंकवादी समूह ने दावा किया है कि उसने 100 से अधिक इजरायली नागरिकों को बंधक बना रखा है, जिनमें उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार देर रात अरबी समाचार आउटलेट अल-ग़द टीवी के साथ मूसा अबू मरज़ौक ने कहा कि इजरायली बंधकों की संख्या अभी तक नहीं गिनी गई है, लेकिन वे सौ से अधिक हैं।

जब पूछा गया कि क्या बंधकों में इज़रायली सेना के अधिकारी भी शामिल हैं।

### खड़गे का केंद्र पर हमला, बोले

# मोदी सरकार की नीतियों से देश में बढ़ी अमीर–गरीब के बीच की खाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने मोदी सरकार पर तीखा हमला करते हुए उसकी नीतियों को विभाजनकारी करार देते हुए कहा कि महंगाई एवं बेरोजगारी चरम पर है और संवैधानिक मर्यादाओं को तोड़ा जा रहा है तथा अमीरी–गरीबी की खाई लगातार बढ़ रही है। खडगे ने सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति–सीडब्लूसी को संबोधित करते हुए कहा कि विभाजनकारी नीतियां देश के लिए चिंताजनक है।

मोदी सरकार की नीतियों से अमीर और गरीब की खाई लगातार बढ रही है। संवैधानिक मूल्यों और संघीय ढांचे पर हमला हो रहा है तथा सामाजिक तनाव पैदा किया जा रहा है।

महिला आरक्षण को लेकर मोदी सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए उन्होंने कि सच्चाई यह है कि महिलाओं को शक्ति देने का काम सबसे अधिक कांग्रेस ने ही किया है। उनका कहना था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की दूर दृष्टि के कारण पंचायती राज और नगर निकायों में महिलाओं को आरक्षण मिला और उसी वजह से दुनिया में सबसे ज़्यादा करीब 14 लाख चुनी हुई महिलाएं भारत में हैं।

उन्होंने मोदी सरकार की महिला आरक्षण नीति को गुमराह करने वाला बताया और कहा कि आज देश भर में लोग यही सोच रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने ओबीसी महिलाओं को महिला आरक्षण के दायरे में क्यों नहीं रखा। यही नहीं महिला आरक्षण को उलझाने के लिए जनगणना और परिसीमन की शर्त रख दी है और यह भी पता ही नहीं चल रहा है कि ये हकीकत कब बनेगा। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आने पर ओबीसी महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी तय करने के साथ ही महिला आरक्षण तुरंत लागू करेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा "आज देश में कमरतोड़ महंगाई है, 45 साल की सबसे अधिक बेरोजगारी है और सरकार नयी पेंशन स्कीम को लेकर सरकारी कर्मचारियों में भारी नाराजगी को नजरंदाज कर रही है।"

उन्होंने जातिगत जनगणना को भी एक अहम मुद्दा बताया और कहा कि कांग्रेस लगातार पूरे देश में जाति आधारित जनगणना की मांग कर रही है। यह अहम मुद्दा है लेकिन इस पर सत्तारूढ दल मौन है।

## हमास–इजऱाइल हिंसा में 12 थाई नागरिक मारे गए : विदेश मंत्रालय

**बैंकॉक ,एजेंसी।** 7 अक्टूबर को गाजा पट्टी में हमास–इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से कम से कम 12 थाई नागरिक मारे गए और 11 अन्य का अपहरण कर लिया गया, बैंकॉक में विदेश मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा की।

मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि आठ थाई नागरिक भी घायल हुए हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि सभी पीड़ितों के नाम तब तक गुप्त रखे गए जब तक उनके परिवारों को सूचित नहीं कर दिया गया।1,000 से अधिक थाई श्रमिकों ने निकालने के लिए मदद का अनुरोध किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इजऱाइल में लगभग 30,000 थाई कर्मचारी हैं।

## अमेरिका : हथियारबंद संदिग्ध ने भारतीय मूल के व्यक्ति के स्टोर में की लूट, कैश लेकर हुआ फरार

**न्यूयॉर्क ,एजेंसी।** पुलिस एक हथियारबंद संदिग्ध की तलाश कर रही है, जिसने अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में एक भारतीय मूल के व्यक्ति के स्टोर को लूट लिया और कैश लेकर भाग गया। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है। वुड्स एज रोड पर श्यामल पटेल की स्मोकीज लाउंज स्मोक शॉप में रविवार सुबह करीब 5 बजे लूट हुई। आरोपी ने कैश की मांग करते हुए क्लर्क पर बंदूक तान दी।

चेस्टरफील्ड काउंटी पुलिस विभाग ने कहा कि नकाबपोश संदिग्ध ने ग्रे हुडी, डार्क कलर की पैंट, ब्लैक शूज पहना था। लूट की रकम अभी अज्ञात है। पुलिस ने कहा, आरोपी 5 फीट और 6 इंच लंबा और मध्यम कद काठी का है। पटेल ने चैनल को बताया कि यह पहली बार नहीं है कि बंदूक की नोक पर उनके स्टोर को लूटा गया है।

पटेल ने कहा, इस साल की शुरुआत में अप्रैल में, दो हथियारबंद लोगों ने दुकान को लूटा था और अज्ञात मात्रा में कैश लेकर भाग गए थे। स्थानीय पुलिस के प्रयासों से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें संदेह है कि हालिया लूट के मामले में, वह व्यक्ति संभवतः उसका कोई पूर्व कर्मचारी है जिसने दो साल पहले उसके साथ काम किया था।

पटेल ने डब्ल्यूआरआईसी टीवी को बताया, पिछले सप्ताह वह आया और उसका पैर लंगड़ा रहा था।

## शरद पवार की एनसीपी नेशनल कम्युनल पार्टी है : भाजपा

**नई दिल्ली,एजेंसी** । भाजपा ने विपक्षी गठबंधन में शामिल एनसीपी ( शरद पवार गुट ) को 'नेशनल कम्युनल पार्टी' बताते हुए यह आरोप लगाया है कि एनसीपी और उसके नेता तुष्टिकरण की राजनीति और सनातन का विरोध करते रहे हैं। भाजपा ने विपक्षी दलों के ' आईएनडीआईए' गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों पर प्रहार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'घमंडिया फाइल्स' की एक नई सीरीज शुरू की है।इस सीरीज के तहत भाजपा ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पांचवा एपिसोड जारी कर एनसीपी की आलोचना करते हुए कहा, घमंडिया फाइल्स के पांचवें एपिसोड में देखिए। कैसे, आई.एन.डी.आई. गठबंधन में शामिल एनसीपी व उसके नेता हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति और सनातन का विरोध करने में लगे रहे।'घमंडिया फाइल्स' सीरीज के पांचवे एपिसोड में भाजपा ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 2 मिनट और 27 सेकंड के शेयर किए गए वीडियो की शुरुआत में ही शरद पवार की एनसीपी को 'नेशनल कम्युनल पार्टी' बताते हुए कहा है कि, घमंडिया गठबंधन में शामिल पार्टी पर अगर आप गौर करेंगे तो एक से एक बढक़र देश विरोधी और सनातन विरोधी पार्टी आपको इस गठबंधन में नजर आएगी, जिन्हें ना देश की सुरक्षा से कोई सरोकार है और ना ही भारत की जनता से। शरद पवार ने ऐसे ऐसे कारनामे किए हैं जिससे यह पता लगता है कि वह जनता के प्रति कितने संवेदनशील हैं

## जेल में बंद तमिलनाडु के मंत्री सैंथिल बालाजी अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई,एजेंसी** । नौकरी के बदले नकदी घोटाले से संबंधित एक मामले में पुझल केंद्रीय जेल में बंद तमिलनाडु के बिना विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उन्हें सुबह अस्पताल लाया गया जब जेल अस्पताल ने पाया कि उनका ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है और उन्हें सीने में दर्द हो रहा है।मंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जून में गिरफ्तार किया था और उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की थी। चेन्नई के ओमांदुर सरकारी अस्पताल में एक एंजियोग्राम किया गया जिसमें उनकी कोरोनरी धमनी में तीन ब्लॉक का पता चला। हालांकि, मंत्री ने अपनी सर्जरी एक निजी अस्पताल में कराने का अनुरोध करते हुए मद्रास हाई कोर्ट का रुख किया था, जिसे अदालत ने अनुमति दे दी।

## इजरायल के समर्थन में उतरा अमरीका, 700 की मौत



### हमास को पाकिस्तान, लेबनान का साथ

**जेरूसलम, एजेंसी।** इजरायल और फिलिस्तीन में जारी संघर्ष के बीच आतंकी संगठन हमास के हमले में 700 से ज्यादा इजरायली मारे गए हैं, जिनमें अमरीका के चार नागरिक भी शामिल हैं। इसके अलावाप गाजा पट्टी में सैकड़ों अन्य लोगों के मारे जाने की खबर है। उधर, हमास के खिलाफ अमरीका भी कूद गया है और राष्ट्रपति जो बाइडेन इजरायल को सैन्य मदद देने की घोषणा कर दी है। श्री बाइडेन ने इजरायल के पास अमरीकी युद्धक विमानों को तैनात करने के आदेश दे दिए हैं।

उधर, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमास के हमले की निंदा की है और कहा है कि मुश्किल की इस घड़ी में भारत इजरायल के साथ खड़ा है।

इसके अलावा इंग्लैंड और फ्रांस ने भी इजरायल पर हुए हमले की निंदा की है। दूसरी ओर पाकिस्तान, लेबनान और ईरान सहित अन्य देश हमास के समर्थन में आ गए हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि यदि हमले बंद नहीं हुए तो एक बड़ा युद्ध हो सकता है, जिसमें कई देश आमने–सामने आ जाएंगे। गौरतलब है कि इजरायल के सरकारी कान टीवी समाचार ने जानकारी दी कि हमास के संयुक्त हमले में कम से कम 700 लोग मारे गए हैं, इस्लामी समूह के आतंकवादियों ने सुरक्षा बाड़ तोड़ दिया और आसपास के समुदायों पर हमला किया, जिसमें कई लोग मारे गए और दर्जनों नागरिकों और सैनिकों को बंदी बना लिया गया। इसके साथ ही गाजा के आतंकवादियों ने दक्षिणी और मध्य इजराइल पर लगभग 3,000 रॉकेट दागे।

रविवार रात, इजरायल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इजरायल के अस्पतालों में घायलों की संख्या पर अपडेट जारी किया जिसमें कहा गया कि कम से कम 2,243 घायल हो गए, जिनमें 22 की हालत गंभीर है। इजरायली सेना को दक्षिणी इजरायल में अभी तक पूर्ण नियंत्रण प्राप्त नहीं हुआ है और हमास के आतंकवादी गाजा के पास कई समुदायों में इजरायली सैनिकों के साथ गोलीबारी कर रहे हैं।

आईडीएफ होम फ्रंट कमांड ने दक्षिण में लोगों को अपने घरों में रहने के लिए कहा है। इस बीच, गाजा में फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि गाजा में, इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम 370 फिलिस्तीनी मारे गए और 2,200 अन्य घायल हो गए।

## पश्चिम बंगाल नगर पालिका नौकरी घोटाला : अब बीजेपी विधायक के आवास पर सीबीआई का छापा

**कोलकात्ता,एजेंसी** । पहली बार पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के नगर पालिकाओं में भर्ती अनियमितता मामले में भाजपा का नाम शामिल हुआ है। सीबीआई ने सोमवार सुबह से पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के राणाघाट निर्वाचन क्षेत्र के भगवा विधायक पार्थसारथी चटर्जी के आवास पर छापेमारी की। वह राणाघाट नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भी थे। रविवार को, सीबीआई के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में 12 स्थानों पर मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया, जिसमें पश्चिम बंगाल के नगरपालिका मामलों और शहरी विकास मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा के आवास भी शामिल थे।

सत्तारूढ़ दल का नेतृत्व शुरू से ही यह दावा करता रहा है कि ये छापेमारी और तलाशी अभियान भाजपा और केंद्र सरकार की प्रतिशोध की राजनीति के कारण हैं, जिसकी प्रक्रिया में केंद्रीय एजेंसियों को तैनात किया जा रहा है। अब, भाजपा विधायक के आवास पर सीबीआई की छापेमारी के बाद, पर्यवेक्षकों को लगता है कि राज्य में भगवा खेमे के पास अब यह दावा करने का मौका होगा कि केंद्रीय एजेंसियां राजनीति से प्रभावित नहीं हो रही हैं।भाजपा में शामिल होने और 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव में विधायक बनने से पहले चटर्जी कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस दोनों से जुड़े रहे थे। वह 25 वर्षों की लंबी अवधि तक राणाघाट नगर पालिका के अध्यक्ष रहे, पहले कांग्रेस की ओर से और फिर तृणमूल कांग्रेस की ओर से। वह 2011 में तृणमूल कांग्रेस के विधायक भी बने, जिस वर्ष पश्चिम बंगाल में 35 साल के वाम मोर्चा शासन को हटाकर ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में आई थी। हालांकि, 2016 के राज्य विधानसभा चुनावों में उन्हें वाम मोर्चा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार शंकर सिंह से हार मिली।

## लिफ्ट में फंसी बुजुर्ग, बच्ची समेत तीन महिलाएं, नहीं बजा इमरजेंसी अलार्म

**नोएडा ,एजेंसी** । नोएडा में ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं हैं। एक तरफ लोग लाखों करोड़ों रुपए लगाकर अपने सपनों का घर लेते हैं और दूसरी तरफ वो मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझते हैं। सोसायटी में रहने वाले लोग लिफ्ट, रजिस्ट्री, बिजली और पानी के अलावा तमाम समस्याओं से जूझ रहे हैं। ताजा मामला सेक्टर–151 जेपी अमन सोसायटी का है। जहां लिफ्ट बंद होने से बच्ची और बुजुर्ग समेत तीन लोग फंस गए। घटना सीसीटीवी में कैद है। निवासियों का आरोप है कि वे अपने बच्चों को लिफ्ट में अकेले आने–जाने नहीं दे रहे हैं।

## राज ठाकरे की धमकी : टोल टैक्स बंद करो नहीं तो टोल बूथ जला देंगे

**मुंबई , एजेंसी** । महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने टोल टैक्स को राज्य का सबसे बड़ा 'घोटाला' करार देते हुए सोमवार को सडक़ टोल टैक्स व्यवस्था को खत्म करने की मांग की, ऐसा नहीं करने पर 'टोल बूथ जलाने की धमकी दी। सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए मनसे नेता ने कहा कि बहुत जल्द उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सभी टोल बूथों पर जाएंगे और छोटे वाहनों से टोल टैक्स की वसूली को रोकेंगे।

राज ठाकरे ने धमकी दी, मैं कुछ दिनों में सीएम एकनाथ शिंदे के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करूंगा और देखूंगा कि क्या प्रतिक्रिया मिलती है.. इसके बाद, मेरे लोग सभी टोल संग्रह चौकियों पर जाएंगे, और यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी छोटे वाहनों से टोल एकत्र न किया जाए। अगर सरकार हमारे खिलाफ कार्रवाई करती है, तो हम उन टोल बूथों को जला देंगे।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, उन्होंने दोहराया कि सडक़ टोल टैक्स राज्य का सबसे बड़ा घोटाला है, और सवाल किया कि हर साल उन्हीं कंपनियों को टोल संग्रह का ठेका क्यों मिलता रहता है। राज ठाकरे ने कहा, हम पहले से ही रोड टैक्स दे रहे हैं, फिर हमें टोल टैक्स भी क्यों देना चाहिए? इन टोल–बूथों से एकत्र किया गया भारी भरकम टोल राजस्व वास्तव में कहां जा रहा है? इसके बावजूद, बिना किसी सुविधा के सडक़ों और राजमार्गों की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

प्रारंभिक प्रतिक्रिया में, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडऩवीस ने कहा कि चार पहिया वाहनों सहित सभी छोटे वाहनों को सरकार के निर्देश के अनुसार टोल टैक्स का भुगतान करने से छूट दी गई है। राज ठाकरे ने पिछले तीन दशकों में लगातार सरकारों की आलोचना की, जिन्होंने टोल टैक्स खत्म करने का वादा किया था, लेकिन अब तक इस मामले में कुछ नहीं किया गया है।

प्रभाव के लिए अपनी ट्रेडमार्क शैली 'लाव रे ते वीडियो' (वह वीडियो चलाएं) पर लौटते हुए, राज ठाकरे ने दिवंगत गोपीनाथ मुंडे, पूर्व सीएम देवेंद्र फडऩवीस और उद्धव ठाकरे और डिप्टी सीएम अजीत पवार जैसे नेताओं के पुराने वीडियो भी चलाए।

## आयकर विभाग ने जम्मू–कश्मीर के बारामूला में बिजनेसमैन से जुड़े परिसरों पर मारे छापे

**श्रीनगर, एजेंसी** । आयकर विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर शहर में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय पर छापा मारा।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी एआरसीओ बिजनेस ग्रुप के मालिक जावेद अहमद अनम के घर और दुकान पर हो रही है।

## केरल उच्च न्यायालय ने एसपीसी से फिल्म इंटरनेट व्लॉगर्स की 'बेईमानी' पर ध्यान देने को कहा

**कोच्चि,एजेंसी।** केरल उच्च न्यायालय ने राज्य पुलिस प्रमुख को उन व्लॉगर्स पर ध्यान देने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है, जो नई फिल्मों के खिलाफ निहित स्वार्थों से खिलवाड़ करते हैं। न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन फिल्म 'अरोमालिन्टे आद्याथे प्राणायाम' के निर्देशक मुबीन रउफ़ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिन्होंने फिल्म उद्योग पर व्लॉगर्स के बेईमानी के नकारात्मक प्रभाव को सामने लाया और कार्रवाई की मांग की।

जांच और संतुलन की आवश्यकता पर जोर देते हुए, न्यायमूर्ति रामचंद्रन ने कहा, राज्य पुलिस प्रमुख, विद्वान सरकारी वकील के माध्यम से, इस अदालत को यह भी सूचित करेंगे कि क्या कोई व्यक्ति या इकाई गैरकानूनी और प्रेरित गतिविधियों सहित ऐसी गतिविधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकती है।

अदालत ने कहा,हालांकि, राज्य पुलिस प्रमुख को यह विशेष रूप से ध्यान में रखना चाहिए कि, अब उन्हें जिस बात का जवाब देने के लिए बुलाया जा रहा है, वह केवल जबरन वसूली और ब्लैकमेल करने के लिए की गई प्रेरित और सोची–समझी समीक्षाओं के मामलों में कार्रवाई के संबंध में है; न कि उन पर जो प्रामाणिक बनाए गए हैं।अदालत यह देखना चाहती थी कि याचिकाकर्ता द्वारा यह आरोप लगाने के बाद कि इस तरह के कृत्य में निहित स्वार्थ लगे हुए हैं, कुछ किया जा सकता है या नहीं। एमिकस क्यूरी ने इस पर गौर करने के बाद कहा कि याचिकाकर्ता ने एक वैध मुद्दा उठाया है।

अदालत ने कहा,हर फिल्म एक बौद्धिक संपदा है। ऐसा होने के अलावा, इसमें केवल निर्माता, मुख्य सितारे या निर्देशक ही नहीं, बल्कि कई लोगों की प्रतिष्ठा, पसीना, खून और आकांक्षाएं भी शामिल होती हैं। न्यायमूर्ति रामचंद्रन ने कहा कि, किसी बौद्धिक संपदा की निष्पक्ष आलोचना झ्र चाहे वह फिल्म हो या अन्यथा; ब्लैकमेल और जबरन वसूली के खतरनाक प्रयास के विपरीत, दो अलग–अलग पहलू हैं, जिन्हें स्पष्ट रूप से अलग किया जाना चाहिए और स्पष्ट रूप से निपटा जाना चाहिए।

इसने आगे बताया कि निर्देशक, निर्माता या फिल्मों से जुड़े अन्य व्यक्ति दंडात्मक कानून और साइबर अपराधों से संबंधित कानूनों के तहत उचित जांच शुरू करने के लिए शिकायत कर सकते हैं। आगे की सुनवाई मंगलवार होगी।

## जहां–जहां कांग्रेस की होगी सरकार, वहां कराएंगे जातीय जनगणना: राहुल

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । एआईसीसी कार्यालय में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई है। बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा, चार घंटे हमारी जातीय जनगणना पर चर्चा हुई। एक ऐतिहासिक निर्णय कांग्रेस कार्यसमिति ने लिया है और आम सहमति से लिया है। कमरे में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं था, जिसने अपना पूरा समर्थन जातीय जनगणना की अवधारणा को न दिया हो। काफी खुशी की बात है। हमारे यहां मुख्यमंत्री बैठे हैं। हमारे मुख्यमंत्रियों ने भी फैसला लिया है कि वह भी राजस्थान, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश में जातीय जनगणना को आगे बढ़ाएंगे।

जातीय जनगणना का 'इंडिया' गठबंधन की पार्टियां करेंगी समर्थन?

कांग्रेस नेता से जब सवाल किया गया कि क्या 'इंडिया' गठबंधन के सभी दल जातीय जनगणना का समर्थन करेंगे। इस पर उन्होंने कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने सीडब्ल्यूसी की बैठक में फैसला लिया है कि हम जातीय जनगणना को लागू करेंगे। यही नहीं, यह भी फैसला लिया गया है कि हम भाजपा पर दबाव डालेंगे और उनसे (भी जातीय जनगणना) करवाएंगे। अगर उन्होंने नहीं किया तो उन्हें परे हो जाना चाहिए, क्योंकि देश जातीय जनगणना चाहता है। अब जहां तक 'इंडिया' गठबंधन की बात है..मैं जानता हूं कि कई पार्टियां 'इंडिया' गठबंधन में इस फैसले का समर्थन करेंगी। एक–दो पार्टियां हो सकती हैं जिनकी राय थोड़ी अलग हो। यह हमारे लिए कोई समस्या नहीं है। मगर ज्यादा से ज्यादा पार्टियां इस फैसले का समर्थन करेंगी।राहुल गांधी ने आगे कहा, हिंदुस्तान के भविष्य के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है।

## उदयपुर में आयकर छापे में 70 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति मिली

**जयपुर , एजेंसी** । राजस्थान के उदयपुर शहर में रियल एस्टेट कारोबारियों और उनके सहयोगियों से जुड़े परिसरों पर आयकर विभाग की छापेमारी में 70 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति का खुलासा हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक विभाग की टीमों ने कारोबारियों के घरों और अन्य ठिकानों से संपत्ति से जुड़े अहम दस्तावेज जुटाए हैं।

## नोएडा में सडक़ धंसी, सीवर लाइन डैमेज होने से हुआ कटान

**नोएडा,एजेंसी** । नोएडा की मास्टर प्लान रोड नंबर–2 करीब 15 से 20 फीट तक धंस गई है। इस रोड पर रोजाना सैकड़ों की संख्या में वाहन आते जाते हैं। वहां मौजूद लोगों ने स्कूल का बैरिकेड लगाकर रोड को बंद कर दिया है। यातायात को एक लेन से निकाला जा रहा है।

बताया गया कि ये रोड रात में धंसी थी। रोड धंसने की जानकारी प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। इसके बाद मौके पर अधिकारी पहुंच रहे हैं। बताया गया कि सेक्टर–27 की डीप सीवर लाइन के फटने से लीकेज था। इस वजह से सडक़ पर अंदर से कटान हो गया। इस कारण ये धंस गई। इसमें पानी भरा हुआ दिख रहा है। फिलहाल पूरे मामले की स्ट्रक्चर जांच की जाएगी। बता दें कि ये रोड आगे डीएससी और अंडरपास के जरिए नोएडा ग्रेटर झ्र नोएडा एक्सप्रेस को कनेक्ट करती है।

# अबू धाबी टी10 : बोल्ट, यूसुफ और रायडू समेत प्री–साइन और रिटेन खिलाड़ियों की सूची जारी





अबू धाबी , अबू धाबी टी10 लीग के 2023 संस्करण से पहले, भाग लेने वाली आठ टीमों बांग्ला टाइगर्स, चेन्नई ब्रेव्स, डेक्कन ग्लेडिएटर्स, दिल्ली बुल्स, मॉरिसविले सैंप आर्मी, नॉर्थन वॉरियर्स, न्यूयॉर्क के साथ खिलाड़ियों के ड्राफ्ट की घोषणा सोमवार को की गई है। इस संस्करण में दुनियाभर से कुल 782 खिलाड़ियों का पंजीकरण हुआ, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नाम भी शामिल हैं।

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी उन आइकन स्टार्स की सूची में शामिल हैं, जो अपने हमवतन मोहम्मद हफीज, वहाब रियाज, बांग्लादेश के बल्लेबाज तमीम इकबाल और श्रीलंका के दासुन शनाका के साथ सोमवार को मैदान में उतरेंगे।

टीमों द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में पूर्व भारतीय सुपरस्टार अंबाती रायडू और यूसुफ पठान शामिल हैं। जहां बांग्ला टाइगर्स ने विस्फोटक ऑलराउंडर पठान को अपने साथ जोड़ा है, वहीं दिल्ली बुल्स ने हमेशा रायडू को अपने साथ जोड़ा है।

अबू धाबी टी10 के आगामी संस्करण में प्रतिस्पर्धा पर बोलते हुए, पठान ने कहा, 10 ओवर का प्रारूप रोमांचक है और इसलिए, मुझे लीग का हिस्सा बनकर हमेशा खुशी होती है। मेरा लक्ष्य प्रशंसकों का मनोरंजन करना और अपनी टीम को इस सीजन में ट्रॉफी जीतने में मदद करना है।

नए सीजन में रिटेन्शन के बीच 2022 के खिताब विजेता डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने पावरहाउस निकोलस पूरन पर कब्जा बरकरार रखा है। बाएं हाथ का बल्लेबाज पिछले सीजन का अग्रणी रन–स्कोरर था। उन्होंने 10 मैचों में 49.29 की औसत और 234.69 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 345 रन बनाए थे। पूरन ने पिछले सीजन में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक 25 छक्के भी लगाए। इस बीच, चेन्नई ब्रेव्स ने कप्तान सिकंदर रज़ा को बरकरार रखा। आगामी ड्राफ्ट पर बोलते हुए, टी10 ग्लोबल के चेयरमैन शाजी उल मुल्क ने कहा, फ्रेंचाइजी ने स्मार्ट प्लेयर रिटेंशन और डायरेक्ट साइनिंग के साथ अपना पहला कदम उठाया है। कुछ चयन आश्चर्यजनक हो सकते हैं, यह दर्शाता है कि टीमों के पास पहले से ही कुछ तरकीबें हैं।

**रिटेन और प्री–साइन खिलाड़ियों की पूरी लिस्ट**

**अबू धाबी :–**

रिटेन :– फिलिप साल्ट (आइकॉन), टाइमल मिल्स (कैट ए), एलेक्स हेल्स (कैट बी)

प्री–साइन :– नूर अहमद (एशियाई सुपर स्टार), काइल मेयर्स (प्लैटिनम)

मॉरिसविले सैम्प आर्मी :–

रिटेन :– मोईन अली (कैट ए), महेश थीक्षाना (कैट बी), बासिल हमीद (यूएई–आरईएस)

प्री–साइन :– फाफ डु प्लेसिस (आइकन), जेसन होल्डर (प्लैटिनम), डेवाल्ड ब्राविस (कैट ए)

चेन्नई ब्रेव्स :–

रिटेन :– ओबेद मैककॉय (कैट ए), सिकंदर रज़ा (कैट बी)

प्री–साइन :– जेसन रॉय (आइकन), चैरिथ असलांका (प्लैटिनम), भानुका राजपक्षे (कैट ए), हसन अली (एशियाई सुपर स्टार)

न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स :–

रिटेन :– कीरोन पोलार्ड (आइकॉन), सुनील नरेन (प्लैटिनम), अकील होसेन (कैट बी), मुहम्मद वसीम (यूएई–आरईएस)

प्री–साइन :– मोहम्मद आमिर (कैट ए)

डेक्कन ग्लेडियेटर्स :–

रिटेन :– निकोलस पूरन (आइकॉन), आंद्रे रसेल (कैट ए), टॉम कोहलर–कैडमोर (कैट बी), जोशुआ लिटिल (कैट सी), जहीर खान (यूएई–आरईएस)

प्री–साइन :– ट्रेंट बोल्ट (प्लैटिनम)

नॉर्थन वॉरियर्स :–

रिटेन :– वानिंदु हसरंगा (आइकॉन), जेम्स नीशम (प्लैटिनम), केनर लुईस (कैट सी), एडम होज़ (कैट सी)

प्री–साइन :– हजरतुल्लाह जज़ई (कैट ए)

बांग्ला टाइगर्स :–

रिटेन :– शाकिब अल हसन (आइकॉन), इफ्तिखार अहमद (कैट सी), मथीशा पथिराना (कैट सी), रोहन मुस्तफा (यूएई–आरईएस)

प्री–साइन :– यूसुफ पठान (एशियाई सुपर स्टार)

दिल्ली बुल्स :–

रिटेन :– ड्वेन ब्रावो (कैट ए), रिले रोसौव (कैट बी), फजलहक फारूकी (कैट बी)

प्री–साइन :– क्विंटन डी कॉक (आइकॉन), रोवमैन पॉवेल (प्लैटिनम), अंबाती रायडू (एशियाई सुपर स्टार)

# जूनियर हॉकी जोहोर कप के लिए 20 सदस्यीय वाली भारतीय टीम घोषित

बेंगलुरू ,हॉकी इंडिया ने 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की है, जो 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक मलेशिया के जोहोर में 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में भाग लेगी।

11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में पिछले संस्करणों की पारंपरिक 6 टीमों के बजाय इस बार 8 टीमें शामिल होंगी।

भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। जबकि, पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन शामिल होंगे। पूल बी में भारत को शीर्ष 2 में लाने और सेमीफाइनल के लिए योग्यता सुनिश्चित करने के प्रयास में टीम की कमान उत्तम सिंह और उप–कप्तान की जिम्मेदारी राजिंदर सिंह को सौंपी गई है।

आगामी टूर्नामेंट के बारे में भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, चयन समिति ने 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने और सफल होने के लिए एक अच्छी तरह से संतुलित टीम के साथ आने के लिए पिछले सभी टूर्नामेंटों को ध्यान में रखा है। हम उन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और मौका देने पर विचार कर रहे हैं जिनके पास बेहतर प्रदर्शन करने का कौशल है।

कप्तान उत्तम सिंह ने 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 के लिए अपने इरादे पर प्रकाश डालते हुए कहा, पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है और जो लोग पिछली बार टीम में नहीं थे। उन्होंने भी अपने प्रदर्शन में सुधार किया है, जिससे समग्र स्तर में सुधार हुआ है।

**टीमः**

गोलकीपरः मोहित एच एस, रणविजय सिंह यादव

डिफेंडरः अमनदीप लाकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली, योगेंबर रावत

मिडफील्डरः विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सीबी, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लाकड़ा, अब्दुल अहद

फॉरवर्डः उत्तम सिंह, अरुण साहनी, आदित्य लालगे, अंगद वीर सिंह, गुरजोत सिंह, सतीश बी

# वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स के लिए अर्जेंटीना की टीम से बाहर हुए डायबाला



ब्यूनस आयर्स , अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने बताया कि स्ट्राइकर पाउलो डायबाला घुटने की चोट के कारण पैराग्वे और पेरू के खिलाफ अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे।

कॅग्लियारी में रोमा की 4–1 सीरी ए जीत के पहले हाफ में 29 वर्षीय खिलाड़ी अपने बाएं घुटने में चोट लगने के कारण लंगड़ाते हुए नजर आए। एएफए ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पाउलो डायबाला को चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। हालांकि, अभी उनके रिप्लेसमेंट का नाम नहीं बताया गया है।

रोमा के मैनेजर जोस मोरिन्हो ने मैच के बाद कहा कि चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए डायबाला का सोमवार को स्कैन किया जाएगा। अर्जेंटीना 12 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में पराग्वे से और पांच दिन बाद लीमा में पेरू से भिड़ेगा।

## आईएफए ने इजराइल–स्विट्जरलैंड यूरो 2024 क्वालीफायर किया स्थगित

जेरूसलम ,इजराइल फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) ने एक बयान में बताया कि इजराइल और स्विट्जरलैंड के बीच होने वाले यूरो 2024 क्वालीफायर को इजराइल में सुरक्षा स्थिति के कारण स्थगित कर दिया गया है।

आईएफए ने कहा कि ग्रुप आई का मैच– 7, जो तेल अवीव–याफो के ब्लूमफील्ड स्टेडियम में खेला जाना था, इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के बीच लड़ाई के कारण स्थगित कर दिया गया है। यूईएफए के फैसले में अगले दो हफ्तों के लिए इजराइल में होने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय मैचों को शामिल किया गया है, जिसमें 2025 अंडर–21 चैंपियनशिप क्वालीफायर में एस्टोनिया और जर्मनी के खिलाफ इजराइल के मैच भी शामिल हैं।

# गेंद से गदर मचाने के बाद ये क्या बोल गए रविंद्र जडेजा, सरेआम खोल दिया सबसे बड़ा राज

नई दिल्ली ,चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम गेंदबाजों के लिए शानदार रही है। वर्ल्ड कप के पहले मैच में गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टीम के बल्लेबाज स्पिनर्स के आगे संघर्ष करते नजर आए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने इस मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। यह पिच खेल बीतने के साथ–साथ धीमी होते चली जाएगी।मिचेल मार्श एक बार फिर फ्लॉप रहे और वह बिना खाता खोला ही पवेलियन लौट गए। डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को संभालने का काम किया। दोनों ही बल्लेबाजों के बीच अच्छी साझेदारी हुई। स्टीव स्मिथ ने 46 तो वही डेविड वार्नर 41 रनों की पारी खेलने में सफल रहे। इन दोनों के अलावा टीम की तरफ से किसी भी बल्लेबाज ने बड़ा स्कोर नहीं बनाया।



रविंद्र जडेजा अपनी गेंद और बल्ले दोनों से ही भारत के लिए इंपैक्ट प्लेयर साबित हुए हैं। पिछले कुछ समय से उनकी फॉर्म को लेकर सवालिया निशान उठाए जा रहे थे। लेकिन वर्ल्ड कप के अपने पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम के तीन अहम खिलाड़ियों को पवेलियन भेजने का काम किया। रविंद्र जडेजा की परफॉर्मेंस की बदौलत भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 199 पर ऑल आउट कर दिया।

**जडेजा ने खोला राज**

जडेजा से जब इस परफॉर्मेंस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि चेन्नई उनका होम ग्राउंड है। चेन्नई की पिच से वह अच्छी तरह से वाकिफ हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय तक चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए इस मैदान की उन्हें अच्छी समझ हो गई है। वह बस सही लाइन और लैंथ पर गेंदबाजी करते रहे और विकेट मिलता चला गया।

## फिल्मी दुनियां

# यशराज फिल्म्स ने दिखाई फिल्म टाइगर 3 से सलमान की नई झलक, बंदूक ताने दिखे अभिनेता



सलमान खान पिछले लंबे वक्त से अपनी आगामी फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं।निर्माताओं ने पिछले महीने यशराज फिल्म्स के स्थापना दिवस के मौके पर टाइगर का संदेश जारी कर दिया था तो वहीं टाइगर 3 का ट्रेलर 16 अक्टूबर को रिलीज होगा। अब इससे पहले निर्माताओं ने टाइगर 3 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें सलमान का एक्शन अवतार देखने को मिल रहा है।इस फिल्म का निर्देशन मनीष ने किया है। टाइगर 3 वाईआरएफ (यथराज फिल्म्स) स्पाई यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है। एक था टाइगर और टाइगर जिंदा है के बाद टाइगर 3 सलमान की तीसरी स्पाई थ्रिलर फिल्म होगी। यह फिल्म दिवाली के खास मौके पर हिंदी सहित तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी।टाइगर 3 का टीजर 27 सितंबर को रिलीज किया गया है. जिसमें सलमान का दमदार लुक दिखाया गया है. वह टीजर में कहते हैं कि मेरा नाम अविनाश सिंह राठौड़ है. पर आप सबके लिए मैं टाइगर हूं. 20 साल अपना सबकुछ इंडिया की हिफाजत में लगा दिया. बदले में कुछ नहीं मांगा पर आज मांग रहा हूं...आज आप सबको ये बताया जा रहा है कि टाइगर आपका दुश्मन है. टाइगर गद्दार है. टाइगर दुश्मन नंबर वन है तो 20 साल की इंडिया की सर्विस के बाद मैं अपना कैरेक्टर सर्टिफिकेट मांग रहा हूं.मेरे बेटे को मैं नहीं इंडिया बोलेगा कि उसका बाप क्या था. गद्दार या देशभक्त...जिंदा रहा तो आपकी खिदमत में फिर हाजिर नहीं तो जयहिंद.टाइगर 3 की बात करें तो इसमें सलमान खान के साथ कैटरीना कैफ, इमरान हाशमी लीड रोल में नजर आने वाले हैं. इमरान फिल्म में नेगेटिव किरदार में नजर आने वाले हैं. मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित, टाइगर 3, अगले चैप्टर का खुलासा करने के लिए तैयार है कि कैसे आदित्य चोपड़ा वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स को आकार दे रहे हैं, जिसने अब तक बॉक्स ऑफिस पर 100 प्रतिशत ब्लॉकबस्टर रिजल्ट दिया है।

## शहनाज गिल ने रिवीलिंग बॉडीकॉन ड्रेस में कराया बोल्ड फोटोशूट, हॉटनेस देख यूजर्स के उड़े होश

एक्ट्रेस शहनाज गिल इन दिनों भूमि पेडनेकर के साथ आई फिल्म थैंक यू फॉर कमिंग को लेकर काफी लाइमलाइट बटौर रही हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट लुक्स से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन फोटोज में उनका स्टाइलिश अवतार देखकर लोगों के दिलों की धडकनें बढ़ गई हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस शहनाज गिल हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक शेयर कर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देता है। हाल ही में एक्ट्रेस शहनाज गिल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं शहनाज गिल ने साइड कट बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। ओपन हेयर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। फोटोज में आप देख सकते हैं शहनाज गिल फ्लोर पर बैठकर एक से बढ़कर एक सेक्सी अंदाज में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं।

# अक्षय कुमार–स्टारर ओएमजी 2 8 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगी स्ट्रीम

अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म ओएमजी 2 को क्रिटिक्स की तरफ से काफी सहराना मिली थी. सेक्स एजुकेशन पर आधारित इस फिल्म को दर्शकों ने भी काफी पसंद किया. 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई यह फिल्म अब ओटीटी पर भी दस्तर देने के लिए तैयार है. तो आइए जानते हैं कब और कहां आप घर बैठे–बैठे इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं.



सोशल मैसेज पर आधारिक ओएमजी 2 को आप नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे. अक्षय कुमार की ये फिल्म 8 अक्टूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. नेटफ्लिक्स ने इसे लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी है.बता दें कि ओएमजी 2 के साथ गदर 2 भी 11 अगस्त को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी. वैसे तो कमाई के मामले में गदर 2 ने बाजी मार ली, लेकिन दर्शकों ने अक्षय की ओएमजी 2 को भी खूब प्यार दिया था. फिल्म का कॉनसेप्ट लोगों को खूब पसंद आया. वहीं बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने अपनी लागात के अनुसार ठीक–ठाक कमाई कर ली थी. अक्षय कुमार की इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 150.17 करोड़ की लाइफटाइम कमाई की.

# मौनी रॉय की सुल्तान ऑफ दिल्ली का ट्रेलर जारी, अपराध और सत्ता की दिखी झलक



मौनी रॉय पिछले काफी समय से फिल्मों से दूर हैं, लेकिन उनको कई म्यूजिक वीडियो में देखा गया है। मौजूदा वक्त में मौनी अपनी वेब सीरीज सुल्तान ऑफ दिल्ली को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं।यह सीरीज इसलिए भी खास है क्योंकि इसके जरिए मौनी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। अब निर्माताओं ने सुल्तान ऑफ दिल्ली का ट्रेलर जारी कर दिया, जो अपराध और सत्ता की कहानी पर अधारित है।

सुल्तान ऑफ दिल्ली का प्रीमियर 13 अक्टूबर को डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक्स हैंडल पर सुल्तान ऑफ दिल्ली का ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, हर चीज की एक कीमत होती है– फिर वो जिंदा रहने की हो, या सुल्तान बनने की।इसमें ताहिर राज भसीन, निशांत दहिया, हरलीन सेठी, अनुप्रिया गोयनका, विनय पाठक और महरीन पीरजादा जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।इसका निर्देशन सुपर्ण एस वर्मा ने मिलन लुथरिया के साथ मिलकर किया है।

# माधुरी दीक्षित के साथ मजा मा में काम करना एक सपना सच होने जैसा था : बरखा सिंह

2022 की ड्रामा फिल्म मजा मा की सफलता को एक साल पूरे हो गए हैं। इसमें एक्ट्रेस बरखा सिंह और माधुरी दीक्षित लीड रोल में थीं।एक्सपीरियंस को याद करते हुए, बरखा ने कहा कि यह वेंचर उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा था क्योंकि उन्हें अनुभवी एक्ट्रेस के साथ सहयोग करने का मौका मिला।अपने एक्सपीरियंस के बारे में बताते हुए बरखा ने कहा, मजा मा मेरी लाइफ के सबसे बेहतरीन शूटिंग एक्सपीरियंस में से एक है। माधुरी दीक्षित जैसी दिग्गज एक्ट्रेस के साथ काम करना और उनके साथ स्क्रीन शेयर करना, उनके साथ डांस करना एक सपने के सच होने जैसा है।एक्ट्रेस ने कहा, मैं शीबा चड्ढा, गजराज राव और रजित कपूर जैसे शानदार अभिनेताओं के साथ काम करने के इस अवसर के लिए आभारी हूं। इससे भी अच्छी बात यह है कि पहली बार मुझे लिप सिंकिंग और डांसर्स से भरपूर अपना खुद का एक संपूर्ण बॉलीवुड गाना मिला।ईशा हंसराज का किरदार निभाने वाली भाग्यलक्ष्मी एक्ट्रेस ने दर्शकों और आलोचकों से अपने परफॉर्मेंस के लिए काफी प्रशंसा अर्जित की थी।एक्ट्रेस ने कहा, मुझे ईशा का किरदार निभाने में बहुत मजा आया। इसे निभाना चुनौतीपूर्ण था क्योंकि उच्चारण के साथ बारीकियों में महारत हासिल करनी थी। मैं ईशा के लिए एक साल बाद भी उमड़ते प्यार को महसूस कर रही हूं, जो पलक झपकते ही बीत गया।बरखा मजा मा के अलावा साइलेंस... कैन यू हियर इट?, हाउस अरेस्ट, प्लीज फाइंड अटैच्ड जैसी फिल्मों में अपने काम से भी नाम कमाने में सफल रहीं।



**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com